राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की मासिक पत्रिका

# स्काउट गाइड ज्योति

वर्ष-25| अंक-11| मई-जून, 2025 (संयुक्तांक)| कुल पृष्ठ-32| मूल्य-₹ 15



आगामी 19वीं जम्बूरी के संबंध में 21 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से आयोजन के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा से पूर्व राजस्थान के पाली में आयोजित हुई 18वीं जम्बूरी की कॉफी टेबल बुक भेंट करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन, भारत स्काउट व गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह और भारत स्काउट व गाइड उत्तर प्रदेश के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार

# चित्र-विथिका



सीकर जिले में स्काउट्स के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा



लालसोट (जिला–दौसा) में कब–बुलबुल गुलाब के पुष्प भेंट कर शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर का आदर सत्कार करते हुए। श्री दिलावर ने नन्हें कब–बुलबुल की आवभगत देख प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

**स्काउट गाइड ज्योति**
**वर्ष : 25 अंक : 11**
**मई–जून, 2025(संयुक्तांक)**

**सलाहकार मण्डल**

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस. (से.नि.)
स्टेट चीफ कमिश्नर

**आशीष मोदी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख,** आई.ए.एस.(से.नि.)
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि आर.सिहाग,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा,** आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**स्टेट कमिश्नर (हैडक्वाटर्स–स्काउट)**
**नवीन महाजन, आई.ए.एस.**
**नवीन जैन, आई.ए.एस.**
**टीकम चंद बोहरा, आई.ए.एस.**
**आर.पी. सिंह, आई.पी.एस. (से.नि.)**
**डॉ. एस.आर. जैन**
**डॉ. अखिल शुक्ला**

**स्टेट कमिश्नर (अहिंसा, शांति–समन्वय)**
**मनीष कुमार शर्मा**

**राज्य कोषाध्यक्ष**
**ललित वर्मा**

**सम्पादक**
**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

**सहायक सम्पादक**
**नीरज जैन**




## इस अंक में

| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| संपादकीय | 4 |
| शिक्षा मंत्री का स्वागत | 5 |
| राष्ट्रीय भावनात्मक एकता शिविर | 5 |
| लघु वन | 6 |
| गाइड कॉन्फ्रेंस | 6 |
| स्काउट गाइड जिला रैली : दौसा | 7 |
| गतिविधि दर्पण | 9 |
| पर्यटन स्थल : देलवाड़ा मंदिर | 19 |
| हमारे महापुरुष : महाराणा प्रताप | 20 |
| हमारा स्वास्थ्य : क्यों जरूरी है हँसना? | 22 |
| वार्षिक कार्यक्रम 2025–26 | 24 |
| दक्षता पदक | 29 |
| गतिविधि पञ्चांग | 30 |

## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृत्तान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. **scoutguidejyoti@gmail.com** पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/– संस्थागत शुल्क:150/– | 1200/– |

शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।

नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं।
यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।

## दिशाबोध



# सम्पूर्ण विकास का समय : ग्रीष्मावकाश

गर्मियाँ शुरू हो गई हैं, सभी की परीक्षाएं भी समाप्त हो चुकी हैं। वर्ष पर्यन्त जिन दो महीनों का सभी छात्रों को इन्तज़ार रहता है, वह समय भी आ गया। स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर जो समन्वय एवं सद्भावना के साधक हैं, के अन्तर्मन को प्रफुल्लित करने के लिए संगठन मई–जून में विविध रूचिकर कार्यक्रमों को लेकर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तैयार है।

यह संगठन अपने प्रादुर्भाव के साथ ही अपने आबूपर्वत स्थित सुरम्यता से परिपूर्ण हरी–भरी वादियों में विभिन्न शिविरों के माध्यम से स्काउटिंग के प्रशिक्षण व साहसिक शिविर भी आयोजित करता रहा है, जिनमें सैकड़ों युवा व किशोर स्काउट गाइड ही नहीं बल्कि संगठन के वयस्क लीडर्स की भी सक्रिय भागीदारी होती है। ग्रीष्म में प्रदेश के एक मात्र पर्वतीय स्थल आबूपर्वत पर आनन्द का अलग ही वातावरण होता है, वहाँ अनेक प्रशिक्षण शिविरों के साथ साहसिक शिविर आयोजित होंगे। दूसरी ओर रोवर–रेंजर व स्काउटर–गाइडर के लिए प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली हाइक शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ भ्रमण का आनन्द भी देगी। क्षेत्रीय स्तर पर पक्षियों के लिए परिण्डा अभियान आदि अनेक सेवा शिविर होंगे जो स्काउट गाइड को सेवा का संकल्प पूरा करने का अवसर प्रदान करेंगे। इसी अवधि में कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों (हॉबी सेन्टर्स) का संचालन सम्पूर्ण प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर होगा, जो बालक–बालिकाओं को स्वावलम्बन की दिशा में अग्रसर करते हुए प्रतिस्पर्द्धा के युग में जीविकोपार्जन का मार्ग प्रशस्त करने का सार्थक प्रयास है। इनके द्वारा हस्तकला, पाक कला, इलेक्ट्रोनिक, कॉस्मेटिक, कम्प्यूटर, फोटोग्राफी, सिलाई, नृत्य, आत्मरक्षा, आदि अनेक विषयों का प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराया जायेगा, जो स्वरोजगार की दिशा में एक सार्थक कदम है।

आशा है ग्रीष्मावकाश में प्रदेश स्काउट गाइड संगठन की आनन्दित करने वाली गतिविधियों का लाभ अधिकाधिक जन उठायेंगे। ग्रीष्मावकाश में विशेषकर बच्चों को छुट्टियों का आनन्द लेने दें, यह उनके समग्र विकास के लिए अच्छा है और आवश्यक भी है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित...

**निरंजन आर्य**
**स्टेट चीफ कमिश्नर**

## संपादकीय



विश्व भर में स्वैच्छिक स्काउट आन्दोलन गत एक सौ सतरह वर्षों से दिन दूना रात चौगुना परवान चढ़ता जा रहा है। इसकी तीन प्रतिज्ञाओं को बोलने और पालना में कहीं कोई भेद रहता तो शायद इस संगठन का परिदृश्य यह नहीं होता जो आज दिखलाई दे रहा है। स्काउट गाइड संगठन सुनागरिकता के संस्कारों से विभूषित कर युवाओं को कर्मक्षेत्र में उतारने वाला विश्व व्यापी सशक्त आन्दोलन है।

स्काउट आन्दोलन इतना ऊर्जावान व व्यवस्थित है कि इसकी जड़ें गहरी होती जा रही है एवं इसका ध्वज 'दिन दूना रात चौगुना' फहराता जा रहा है। यद्यपि यह संगठन प्रारम्भ से ही प्रजातांत्रिक रहा है। अतः जो भी शासन रहा उसने भी इसके कार्यों और भावनाओं को देखते हुए इसके ध्वज को सैल्यूट ही किया। यही तो इस आन्दोलन की विशिष्टता है। विश्व में आज स्काउटिंग से सशक्त व विशाल कोई युवा आन्दोलन नहीं है। हम सभी के प्रयासों का परिणाम है कि आन्दोलन में निरन्तरता बनी हुई है। हाँ गति कभी धीमी, कभी सामान्य तो कभी वेगवति होती रहती है।

आपके समक्ष मैं विशेष रूप से नेशनल ग्रीन कोर कार्यक्रम का उल्लेख करना चाहूँगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को सर्वप्रथम स्काउटिंग में हमारे प्रदेश ने ही अंगीकार किया तथा अल्प समय में ही प्रत्येक जिले में 500 इको क्लब्स का गठन कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। जिसके सुखद परिणाम रहे कि हमारी 16 हजार 5 सौ यूनिटों में इको क्लबों के गठन के साथ ही सक्रियता आ गई और पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए साथ ही स्काउटिंग की गतिविधियाँ भी संचालित कर रहे हैं।

हमारी मान्यता है कि यदि पारिस्थितिकी यानि पर्यावरण सुधार की योजना अपने घर व विद्यालय से सुनियोजित तरीके से प्रारम्भ की जाए तो समुदाय में एक अच्छा संदेश व प्रेरक सोच का संचार होगा जो वास्तव में प्रदूषण निवारण व पर्यावरण सुधार के लिए सहायक है। आप सभी मिल कर जो भी कार्य करें उसको इस सोच के साथ करें कि वह आपकी यादगार का एक अनुपम उदाहरण बनकर रहे।

**डॉ. पी.सी. जैन**
**राज्य सचिव**

# शिक्षा मंत्री का स्वागत



दौसा जिले के लालसोट के तलावगांव में संस्कृत विद्यालय के नवीन भवन के उद्घाटन पर लालसोट की स्काउट गाइड कलर पार्टी द्वारा माननीय शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर, आरएसएस प्रांत प्रचारक श्री बाबूलाल, माननीय लालसोट विधायक श्री रामबिलास मीणा, माननीय चाकसू विधायक श्री रामवतार बैरवा को नन्हे कब बुलबुल ने गुलाब के फूल भेंट किए और स्काउट सैल्यूट से अभिनन्दन किया। इस अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री ने भी कब बुलबुल को सैल्यूट किया, उनसे संवाद किया और उन पर पुष्प वर्षा की।

इस अवसर पर स्थानीय संघ लालसोट के सहायक सचिव गिर्राज प्रसाद मीना, यूनिट लीडर हुकम सिंह मीना, यूथ समिति अध्यक्ष रोवर हर्ष शर्मा ने लालसोट क्षेत्र में स्काउटिंग के विस्तार के बारे में मंत्री जी को बताया। इस दौरान पुलिस एएसपी, डीएसपी, सीआई, तहसीलदार एवं अन्य बड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय भावनात्मक एकता शिविर

भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय भावनात्मक एकता शिविर का आयोजन चौटाला गांव, जिला सिरसा (हरियाणा) में दिनांक 11 अप्रेल से 15 अप्रेल 2025 तक किया गया। एल आर शर्मा सर्कल ऑर्गेनाइजर ने बताया कि शिविर में जम्मू कश्मीर, नॉर्दर्न रेलवे, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उत्तर रेलवे, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर पश्चिम रेलवे, हिमाचल प्रदेश, बिहार, केंद्रीय विद्यालय संगठन आदि के 700 स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया।




शिविर में जिला सिरसा के जिला आयुक्त डॉक्टर इंद्रसैन सहारण ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ डबवाली विधायक आदित्य चौटाला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। शिविर का संचालन श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव संयुक्त निदेशक गर्ल प्रोग्राम द्वारा किया गया। राजस्थान के दल प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि सर्कल ऑर्गेनाइजर स्काउट, राज्य मुख्यालय, जयपुर एल.आर. शर्मा, सहायक लीडर ट्रेनर श्रीगंगानगर श्री गुरुदित्ता सिंह के साथ राजस्थान के झुंझनू, बीकानेर, अलवर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर जिले के यूनिट लीडर सहित 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर व लीडर्स ने सहभागिता की, जिसमें 19 स्काउट, 12 गाइड, 30 रोवर, 30 रेंजर और 9 यूनिट लीडर योगेश भोबिया, सोहन लाल गोदारा, जगमीत सिंह, नवीन गौतम, महजबीन सिद्दीकी, सावित्री स्वामी, संतोष, सोनू शर्मा शामिल थे। शिविर में लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, लोक गीत आदि प्रतियोगिताओं में राजस्थान दल ने शानदार प्रदर्शन किया।

राजस्थान ने शिविर में आयोजित फूड प्लाजा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजस्थान के फूड प्लाजा की समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानिया विधायक अर्जुन चौटाला ने तारीफ करते हुए कहा कि इसमें संपूर्ण राजस्थान के खाने की महक है जो सभी को आनंदित कर रही है। इसी तरह फेस्टिवल ऑफ इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान ने द्वितीय, मैरिज ऑफ इंडिया प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में आयोजित विभिन प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर राजस्थान दल ने ओवरऑल वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# लघु वन



राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर में एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड (एचजीआईईएल) एवं इनोवेटिव गवर्नेंस रिफॉर्मस फेडरेशन द्वारा "ग्रीन ड्राइव" सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के तहत सघन वृक्षारोपण परियोजना के तहत 'मियावाकी फॉरेस्ट पद्धति द्वारा' 18000 पौधे लगाये गये हैं। प्रोजेक्ट का उद्देश्य पौधो को सावधानी पूर्वक लगाना और 2 वर्षों तक उनकी देखभाल करना है ताकि पौधों का अस्तित्व एवं विकास सुनिश्चित हो सके। वृक्षारोपण में जैव विविधता को बढ़ाने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करने और कार्बन अवशोषण में योगदान देने के लिए देशी प्रजातियों के पौधों का चयन किया गया है।

राज्य प्रशिक्षण केन्द्र जगतपुरा पर दिनांक 10 मार्च 2025 को वृक्षारोपण कर इस योजना का उद्घाटन डॉ. दिनेश कुमार गोयल से.नि. आईएएस एक्जीक्टिव डायरेक्टर– एच.जी. इंफ्रा द्वारा वृक्षारोपण करके किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. जैन राज्य सचिव महोदय ने सभी का स्वागत किया एवं सभी मण्डल प्रशिक्षण केन्द्रों पर इस योजना के तहत् वृक्षारोपण करने के लिए भी कहा गया। कार्यक्रम में एच.जी. फाउण्डेशन से श्री तरूण शर्मा– मैनेजर, डॉ. विजय कुमार व्यास डायरेक्टर आईजीआरएफ, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री पूरण सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री बन्ना लाल, कार्यवाहक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री सुयश लोढा एवं सभी मण्डल मुख्यालयों के सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट व गाइड) उपस्थित थे।

# गाइड कॉन्फ्रेंस

भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय केंद्र संगम पुणे में वर्ल्ड एसोसिएशन गर्ल गाइड एंड गर्ल स्काउट के तत्वावधान में गाइड कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया इस कांफ्रेंस में भारत के 16 राज्यों के ट्रेनर्स भाग लिया। लंदन से कोलोएट ने गाइड की सेफ्टी और ब्रेव पर तथा नेपाल से चम्पका ने गाइड को आगे लाने और उचित अवसर प्रदान करने पर जानकारी दी। भारत स्काउट गाइड की डायरेक्टर दर्शना पावस्कर ने आए हुए सभी ट्रेनर्स के साथ विचार विमर्श किया तथा गाइड गतिविधियों को बढ़ावा देने और बालिकाओं को सारे अवसर प्रदान करने पर अपने विचार व्यक्त किए।



उक्त कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्टीय संगम सेंटर पुणे में जोधपुर सी. ओ. गाइड निशु कंवर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया तथा सहभागिता हेतु जोधपुर से शकुन्तला पांडे लीडर ट्रेनर, शशि शर्मा और कांता शर्मा चयनित हुई। सी.ओ. गाइड निशु कंवर ने बताया कि इसमें लीडर ट्रेनर शकुंतला पांडे, शशि शर्मा व कांता शर्मा स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविरों में आधुनिक तकनीक और नवीन विधाओं के समावेश की प्रणाली पर काम करेंगे। साथ ही परिवर्तित परिस्थितियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आयाम की भी जानकारी प्रदान करेंगे।

ललिता जयश्री द्वारा संचालित कार्यकम में सभी आयामों पर खुलकर बात की गई। निशु कंवर ने राजस्थान की गाइडिंग का परचम जो इतने वर्षो से फैला है, पर जानकारी प्रदान की। सी.ओ. स्काउट छतर सिंह पीडीयार, बी.एल. जाखड़, वरिष्ठ लीडर ट्रेनर शकुंतला पांडे, किशोर देवी, अनिल शर्मा, शिक्षाविद डॉ. बी.आर. खीचड़, धर्मेंद्र देवड़ा सहित उपस्थित रोवर रेंजर्स, स्काउट गाइड ने दोनों ही लीडर ट्रेनर को प्रतिष्ठित संगोष्ठी में चयन हेतु बधाई दी।




जिला कलेक्टर दौसा श्री देवेंद्र कुमार के साथ, एडीएम श्री मनमोहन मीना, सीईओ श्री नरेंद्र कुमार मीना, एसडीएम श्री मूलचंद लूनिया

# स्काउट गाइड जिला रैली : दौसा

श्रीकांत शर्मा
सचिव
स्थानीय संघ लालसोट, दौसा

दौसा जिले के स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली 5 दिन में अपने संभागियों को अनुशासन, समय प्रबंधन, देशभक्ति और कौशल विकास सीखा गई। इसमें पुलिस हथियारों की प्रदर्शनी, ग्लोबल डेवलेपमेंट विलेज, एडवेंचर और डॉक्टर्स डे, टेंट सिटी आकर्षण का केंद्र रहे।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में 5 दिवसीय जिला रैली ने युवाओं को अनुशासन, देशभक्ति, कौशलता की सीख दी। जिला रैली संचालक श्रीकांत शर्मा ने बताया की संपूर्ण कार्यक्रम फन विद परपज की थीम पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं में विनम्रता और अनुशासन की कमी है। युवा को कौशल विकास की ओर मोड़ने के लिए जिला रैली आयोजित की गई है।

प्रातः 5.30 बजे जागरण और योग व्यायाम, बीपी 6 से दिन शुरू होकर 6.30 बजे यूनिफॉर्म में पंजीकरण प्रभारी को रिपोर्टिंग, सुबह 7बजे नाश्ता, स्वच्छता अभियान, कैंप क्राफ्ट, रंगोली का निरीक्षण 7.30 बजे और 8.00 बजे झंडा रोहण, कलर पार्टी, बैंड प्रदर्शन हुआ। 8.00 से 12 बजे तक बौद्धिक, शारीरिक, और मानसिक प्रतियोगिता का आयोजन उसके बाद 12.30 से 2.00 बजे भोजन और विश्राम, 2.00 बजे से 5.00 बजे तक निबंध, चित्रकला, एकल गायन, आशुभाषण, क्विज, वाद्ययंत्रों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। शाम 5 बजे से झांकी प्रदर्शन, मैपिंग, आपदा प्रबंधन, इको फेयर के साथ विभिन्न समारोह आयोजित किए गए।

शाम 7 बजे भोजन और रात्रि 8 बजे प्रतिदिन कैंप फायर जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, कच्छी घोड़ी, फायर शो, मैसेंजर ऑफ पीस डांस, लोकनृत्य, राजस्थानी नाइट हुए और रात्रि 10.00 बजे शयन, रात्रि 10.15 बजे स्टॉफ मीटिंग और रात्रि 10.30 बजे शयन तक का बहुत ज्यादा व्यस्तम कार्यक्रम रहा।

### ये रही प्रमुख प्रतियोगिता

फूड प्लाजा, झांकी प्रदर्शन, प्राथमिक सहायता, कैंप फायर, स्थानीय संघ गेट, आपदा प्रबंधन, स्किल ओ रामा, मैपिंग, मार्च पास्ट, सूर्य नमस्कार, टैलेंट हंट, लोक गायन, लोक नृत्य प्रमुख प्रतियोगिता रही।

### अतिथियों की बैंड, कलर पार्टी से विशेष मनुहार दिखी

विधायक, जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला वन अधिकारी, सभापति, जिला परिषद सीईओ, उपखंड अधिकारी, डॉक्टर, पुलिस प्रशासन, कवि, साहित्यकार, शिक्षाविद, राष्ट्रपति अवॉर्डी, स्काउटिंग अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को विशेष प्रोटोकॉल के तहत बैंड वादन और कलर पार्टी, बधावा के साथ लाया गया। जिसके लिए 3 अलग अलग पार्टी बनाई गई।

### मेडिकल डीन की अगुवाई में 21 डॉक्टर ने मनाया डॉक्टर्स डे

जिला रैली में तीसरे दिन डॉक्टर्स डे मनाया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज की डीन की अगुवाई में 21 डॉक्टर को आमंत्रित किया गया। सभी डॉक्टर ने देशभक्ति गानों पर जमकर नृत्य भी किया। सुबह से रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रमों में डॉक्टर अतिथि के रूप में आते रहे। डॉक्टर ने युवाओं को सफलता के सूत्र बताए और युवा संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### राष्ट्रपति अवॉर्डी और हिमालय वुड बैज रियूनियन आयोजित की गई

जिला रैली में चौथे दिन स्काउटिंग में राष्ट्रपति अवॉर्डी रियूनियन में 13 राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने भाग लिया। हिमालय वुड बैज रियूनियन में 18 स्काउट लीडर्स ने भाग लिया, जिनका विशेष सम्मान किया गया।

### चीफ कमिश्नर शील्ड में लालसोट प्रथम तो दौसा द्वितीय स्थान पर रहा

जिला रैली संचालक श्रीकांत शर्मा ने बताया की

ओवरआल दक्षताओं के आधार पर चीफ कमिश्नर शील्ड प्रदान की जाती है, जिसमें सर्वाधिक दक्ष स्काउट गाइड लालसोट स्थानीय संघ के रहे। द्वितीय स्थान पर दौसा स्थानीय संघ रहा।

### एडवेंचर रहे आकर्षण का केंद्र

स्काउट गाइड के लिए एडवेंचर बेस बनाए गए जिसमें निशानेबाजी, घुड़सवारी, मंकी ब्रिज, क्लाइंबिंग समेत कुल 16 एडवेंचर बेस बनाए, जिनका लुत्फ स्काउट गाइड के साथ साथ जिला कलक्टर ने भी उठाया।

### ये रहा मुख्य संचालक मंडल

जिला रैली संचालक श्रीकांत शर्मा, सीओ स्काउट प्रदीप सिंह, सब कैंप चीफ रामवतार शर्मा, गतिविधि प्रभारी प्रहलाद राय जांगिड़, बांदीकुई सचिव गोवर्धन लाल गुप्ता, दौसा सचिव ओमप्रकाश शर्मा, सिकराय सचिव गोविंद नारायण तिवारी, महवा सचिव हरेंद्र सिंह राजपूत, लालसोट सचिव गौरव गोयल, कुलदीप शर्मा, रामबाबू शर्मा, विक्रम झांझडिया, बलराम मीना रहे।

### बांस और रस्सी से बना मॉडल टेंट रहा प्रमुख आकर्षण

मॉडल टेंट पूर्ण रूप से बांस, सूत की रस्सी, सुतली से बनाया गया। जिसमें झूला, कुर्सी, टेबल, मचान, कांच–कंघा स्टैंड, चूल्हा, बर्तन स्टैंड, विभिन्न औजार स्टैंड बनाए गए। मॉडल टेंट प्रभारी हर्ष शर्मा ने बताया की 10 सदस्यों की टीम ने 3 दिन लग कर मॉडल टेंट बनाया।

### अस्थाई हॉस्पिटल में मेडिकल टीम ने रात में भी एम्बुलेंस से सेवाएं दी

जिला रैली स्थल पर अस्थाई हॉस्पिटल बनाया गया जिसमें एम्बुलेंस और 7 सदस्यों टीम मौजूद रही, जिन्होंने दिन और रात स्काउट गाइड को संभाला।

### ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज में सतत विकास के लक्ष्यों की जानकारी दी

ग्लोबल डेवलपमेंट बनाया गया जिसमें सतत विकास के 17 लक्ष्य, मिशन लाइफ, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सिक्योरिटी, हैंड वाश, मानसिक शांति, परस्पर सहयोग के बारे में बताया गया। ग्लोबल डेवलपमेंट में 7 सदस्य की टीम ने बच्चों को सकारात्मक जानकारी प्रदान की।

### स्काउट गाइड ने सेल्फी स्टैंड और नगर भ्रमण में खूब रुचि दिखाई

जिला रैली में स्काउट गाइड सेल्फी स्टैंड के साथ फोटो खींचते देखे गए साथ ही दौसा नगर भ्रमण में युवाओं ने रुचि दिखाई, जहां आमजन ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

### 100 टेंट के साथ नगर बसाया

कुल 85 झोलदारी टेंट, 5 डबल फ्लाई टेंट, 2 ईपी टेंट, 5 हट, 4 पाइप टेंट के साथ कुल 101 पूर्णतया अस्थाई टेंट लगाए गए। जिनमें स्टॉफ और स्काउट गाइड ने दिन रात रुके। इनके लिए लालसोट, बांदीकुई, दौसा और स्टॉफ की 4 अलग अलग मेस में भोजन बनाया बनाया गया। सिकराय और महवा ने केंद्रीय मेस में ही रोवर रेंजर के साथ खाना खाया।

### 75वें वर्ष थीम पर रंगोली और मांडना बनाया गया।



तीरंदाजी करते हुए एडीएम को प्रोत्साहित करते जिला कलक्टर दौसा

भारत स्काउट गाइड के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर बड़ी रंगोली और विलुप्त होती कला मांडना को बना कर स्काउट गाइड से मांडना को संरक्षण प्रदान करने आहवान किया गया।

### व्यक्तिगत पुरस्कार में ये रहे विजेता

टैलेंट हंट में टोडा ठेकला की कविता प्रजापत ने प्रथम, आरव बंसल द्वितीय रहा। एकल गायन में बांदीकुई की इशिका शर्मा प्रथम, लालसोट का आदित्य शर्मा द्वितीय रहा। विज्ञान मॉडल में लालसोट की निष्ठा माठा प्रथम, रिद्धिमा देवल दूसरे पायदान पर रही। निबंध में देलाडी की सोनम बैरवा और झाझीरामपुरा संयुक्त विजेता रहे। आशुभाषण में लालसोट के माधव गुप्ता और डिडवाना के निश्चल शर्मा ने बाजी मारी। क्विज में मित्रवाडी की इशिका शर्मा प्रथम तो गीजगढ़ के जितेंद्र सैनी द्वितीय स्थान पर रहे। वाद्य यंत्रों में मंडावरी के अनुराग मोदी प्रथम तो लालसोट की आर्या खंडेलवाल द्वितीय स्थान पर रही।

### विद्यालय स्तर पर ये रहे विजेता

शिविर कला गाइड में अनुश्री पब्लिक स्कूल, मांडना में होली फ्यूचर प्रथम और मॉडल स्कूल खेड़ला खुर्द दूसरे स्थान पर रही, शिविर कला स्काउट में यूपीएस नारायणपुरा, योग व्यायाम बालक वर्ग में पहले स्थान पर होली फ्यूचर मंडावरी, दूसरे स्थान पर राउमावि झांझीरामपुरा रही। योग व्यायाम बालिका वर्ग में यूपीएस देलाड़ी प्रथम तो मॉडल स्कूल खेड़ला खुर्द दूसरे स्थान पर रही। एथनिक फैशन शो में मॉडल स्कूल खेड़ला खुर्द ने प्रथम स्थान और अनुश्री लालसोट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विधानसभा वार बने एलए स्तर पर कुल 23 प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लालसोट ने 12 शील्ड जीती, दौसा ने 9 और बांदीकुई ने 2 शील्ड जीती, महवा और गीजगढ़ कोई भी शील्ड हासिल नहीं कर पाए। इस प्रकार ओवरऑल चीफ कमिश्नर शील्ड में लालसोट स्काउट गाइड संघ को प्रथम विजेता घोषित किया गया। स्थानीय संघ दौसा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



नगर भ्रमण के दौरान पिरामिड बनाते स्काउट

# गतिविधि दर्पण

## अजमेर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, अजमेर के तत्वावधान में 27 मार्च को स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय तोपदड़ा अजमेर पर स्काउट गाइड जिला कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वीणा अग्रावत जिला कमिश्नर गाइड ने की। सी.ओ. स्काउट अजमेर नरेन्द्र खोरवाल ने बताया की जिला कार्यकारणी समिति की बैठक स्काउट गाइड प्रार्थना से शुरुआत हुई। जिला सचिव



सत्यनारायण वैष्णव ने समिति के सदस्यों का शाब्दिक स्वागत किया। गत बैठक की अनुपालन रिपोर्ट सी.ओ. गाइड ओम कुमारी चौहान ने प्रस्तुत की। विशिष्ट उपलब्धि रिपोर्ट एवं आगामी सत्र की प्रस्तावित कार्य योजना नरेन्द्र खोरवाल ने प्रस्तुत की। जिला अजमेर में नये स्थानीय संघ सरवाड़ एवं पुष्कर के गठन के बारे में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महेश चंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखा। माह एक अप्रैल 2025 से 31 जुलाई 2025 तक का प्रस्तावित बजट एवं डायमंड जुबली स्पेशल जंबूरी तमिलनाडु कि विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में सहायक राज्य संगठन आयुक्त अजमेर विनोद दत्त जोशी ने बताया। अंत में जिला प्रशिक्षण आयुक्त उर्मिला मेहरा ने समिति सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी समिति सदस्यों में मीना जाट जिला कमिश्नर बुलबुल, अर्पण कुमार चौधरी व लवलीन कौर वित्त समिति सदस्य, भंवर लाल शर्मा एएलटी प्रतिनिधि, अशोक कुमार शर्मा नसीर काठात व मिथलेश कुमारी स्काउटर गाइडर प्रतिनिधि, आजीवन सदस्य सूरज गर्ग उपस्थिति रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, नसीराबाद (अजमेर) के तत्वावधान में 21 अप्रेल से 25 मई तक रेल्वे स्टेशन, नसीराबाद पर रेल यात्रियों के लिए जल सेवा शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विनोद दत्त जोशी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीनगर डॉ. राकेश कटारा की उपस्थिति में इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव श्रीमती उषा विजयवर्गीय, स्काउटर श्रीराम कुमावत, प्राचार्य



नवोदय विद्यालय श्री गिरीराज रेवाड़ ने रेल यात्रियों को शीतल शुद्ध जल पिलाकर जल सेवा शिविर का उद्घाटन किया। जल सेवा की संचालिका श्रीमती अनिता खुराना प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय, नसीराबाद ने बताया कि जल सेवा में क्वीन मैरी पब्लिक स्कूल नादंला, हुकमचन्द पब्लिक स्कूल दांता, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नसीराबाद, राजकीय कन्या महाविद्यालय नसीराबाद, श्री गोविन्द सिंह गुर्जर, राजकीय महाविद्यालय नसीराबाद के 60 स्काउट गाइड रोवर एवं रेंजर जल सेवा में अपनी सेवाएं देंगे। जल सेवा उद्घाटन के अवसर पर स्टेशन अधीक्षक नसीराबाद श्री नरेश जाखल एस.बी.ओ. श्रीनगर, आरती वर्मा प्राचार्य क्वीन मेरी पब्लिक स्कूल, महेन्द्र सिंह राठौड़, प्रियंका सिंह, पवन प्रजापत, शालू चौधरी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। जल सेवा शिविर की व्यवस्थाओं में स्काउटर श्रीराम कुमावत का विशेष सहयोग रहा।

## बीकानेर मण्डल

❖ विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में नेशनल ग्रीन कोर योजनान्तर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी पार्क बीकानेर के मुख्य द्वार के सामने स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने 250 फीट बड़ी पेंटिंग बनाकर आम राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। सी.ओ स्काउट जसवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमारी शक्ति, हमारी पृथ्वी की



थीम पर इस पेंटिंग का निर्माण किया गया है। स्काउट मास्टर व चित्रकार श्रीवल्लभ पुरोहित, गोपी प्रजापत, अर्जुन सिंह भाटी, स्काउट सहायक महेश कुमार शर्मा के सहयोग से राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर, राजकीय मांगीलाल बागड़ी महाविद्यालय नोखा, स्वामी विवेकानंद प्रोफेशनल स्टडीज सिंथल, धीमन ओपन रोवर क्रू बीकानेर के रोवर रेंजर ने इस पेंटिंग को मूर्त रुप दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला ने कहा कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रकृति को सहेज के रखने की महती आवश्यकता है। धरती के प्राकृतिक स्वरूप का अनावश्यक दोहन न करें, बल्कि इसके अधिक संवर्धन हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। लिखाला ने बीकानेर जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पक्षियों हेतु पानी के परिंडे लगाकर अभियान को प्रारंभ किया तथा सभी स्काउट गाइड सदस्यों से आह्वान किया कि जिले में अधिक से अधिक परिंडे लगाकर मूक प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था कर पुनीत कार्य में सहयोग करें। बीकानेर जिले के 11 स्थानीय संघों के माध्यम से 45000 स्काउट गाइड इस अभियान को सार्थक बनाएंगे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनरासर में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर गाइड बालिकाओं द्वारा प्रभारी सहित जिला कमिश्नर गाइड अनिता दोचानिया एवं एडवांस गाइड यूनिट लीडर श्रीमती बबली मीणा के नेतृत्व में ग्रुप स्तर पर




कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें पौधारोपण, पक्षियों के लिए परिण्डा एवं सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम विषय पर गतिविधियां आयोजित की गई। गाइड्स ने विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे और पौधारोपण किया।

## जयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, अलवर पर 22 अप्रेल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर परिंडा अभियान का जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय अलवर श्री मनोज कुमार शर्मा द्वारा समस कार्यालय में परिंडे लगाकर किया गया। इसके उपरांत रोवर, रेंजर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाए। पोस्टर



प्रतियोगिता का आयोजन भी नजर बगीची में किया गया। इसी के साथ स्थानीय संघ राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, खैरथल, तिजारा, भिवाड़ी, बहरोड आदि जगह भी ग्रुपों के द्वारा परिंडा अभियान, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, दौसा के तत्वावधान में स्काउट–गाइड जिला प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर, सचिव, संयुक्त सचिव संगोष्ठी के दौरान पृथ्वी दिवस पर स्काउट–गाइड की ओर से परिंडा व पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डीएफओ उनीत ऊंचोई, सीबीईओ दौसा आशा गुप्ता, सीबीईओ लालसोट शीला मीणा, भारत स्काउट के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, एलटी रामावतार शर्मा, प्रधानाचार्य जटाशंकर शर्मा रहे। संगोष्ठी में सभी ने स्काउट गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सी.ओ. स्काउट प्रदीप सिंह ने सत्र 2024–25 की उपलब्धियों पर चर्चा कर 2025–26 की कार्य योजना के बारे में बताया। जिला वन अधिकारी द्वारा




पर्यावरण जागरूकता की शपथ दिलाई। स्थानीय संघ दौसा के सचिव ओमप्रकाश शर्मा, लालसोट के सचिव श्रीकांत शर्मा, बांदीकुई के सचिव गोवर्धन लाल गुप्ता, गीजगढ़ के सचिव गोविंद नारायण तिवाड़ी, महवा के सचिव हरेंद्रसिंह राजपूत ने कार्य योजना बताई। विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण व परिंडा अभियान की शुरुआत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर रामबाबू शर्मा, रामकेश मीणा, विश्राम मीणा, कविता मीणा, निर्मला शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, कन्हैयालाल रलावता, बनवारी आदि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला सीकर के तत्वाधान में 14 अप्रेल 2025 को बी आर अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट में राजकीय बीआर अंबेडकर बालक छात्रावास सीकर के स्काउट्स ने नए परिंडे लगाए व पुराने परिण्डो की साफ सफाई व जल भरने का कार्य किया। स्काउट मास्टर श्री रेगर ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक न्याय व



अधिकारिता विभाग सीकर की उपनिदेशक प्रियंका पारीक के सान्निध्य में  परिंडो में जल भरने का कार्य किया गया, जिसमें स्काउट  हेमंत अलवरिया, गौरव मीना, कवि ओम अलवरिया, सिद्धार्थ मीणा, अनिल, गुलशन कुमार, दिलखुश बुनकर, वीरेंद्र बुनकर बृजेश, दीपांशु, गंभीर, रोहित पालीवाल, अंकित, देवराज कपिल, बजरंग लाल ने श्रेष्ठ कार्य किया।

❖ भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वाधान में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम व पक्षी बचाओ अभियान के तहत पूरे जिले भर में बड़े स्तर पर पक्षियों के लिए जनसाधारण भामाशाहों के सहयोग से स्काउट गाइड व नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब सदस्यों द्वारा परिंडा महा अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब सीकर पर बसन्त कुमार लाटा सीओ स्काउट, प्रियंका कुमारी सी.ओ. गाइड, मोहनलाल सुखाड़िया रोवर लीडर मरुधर ओपन रोवर जिला मुख्यालय सीकर, लखन बावरिया रोवर, हेमंत अलवरिया, गंभीर स्काउट बी आर अंबेडकर राजकीय छात्रावास सेकंड सीकर ने पक्षियों के लिए परिण्डों की सफाई की उसके बाद में लगाने के लिए तैयार किया, परिंडा रखने के छीके तैयार किये। पक्षियों के लिए 200 परिंडे तैयार किए गए। आगामी दिनों में भी तैयार किए जाएंगे।



दो–तीन दिन में उनको सीकर शहर में विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा और पानी की आपूर्ति स्काउट गाइड सदस्यों एवं अन्य जनसाधारण तथा विभिन्न सहयोगियो के सहयोग से करवाई जाएगी। इस अवसर पर पक्षी बचाओ जीवन बचाओ का संकल्प भी लिया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वाधान में 22 अप्रेल को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पर विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मामराज शर्मा जिला कोषाध्यक्ष स्काउट गाइड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मामराज शर्मा ने कहा कि पृथ्वी को बचाना है तो प्रकृति को बचाना होगा, जिसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। स्काउट और गाइड सदस्य बहुत ही शानदार कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्काउट रोवर रेंजर इको क्लब सदस्यों एवं स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब सीकर से पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ जन चेतना रैली का आयोजन किया गया, जिसको मामराज शर्मा, बसंत कुमार लाटा सी.ओ.




स्काउट, प्रियंका कुमारी सी.ओ. गाइड, देवीलाल जाट सहायक सचिव सीकर, सुरेश कुमार नगर परिषद सीकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ने सांवली रोड से स्मृति वन पहुंचकर 2 किलोमीटर परिक्षेत्र में श्रमदान कर कचरा, पॉलीथिन, प्लास्टिक बोतल, गुटके के पाउच आदि एकत्र किये। पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। स्मृति वन के पर्यावरण केंद्र में संगोष्ठी आयोजित की गई। उसके बाद रैली स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब पर पहुंची जहां मामराज शर्मा जिला कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में पौधारोपण का कार्यक्रम किया। इसके साथ ही पूरे जिले में स्काउट गाइड व इको क्लब सदस्यों ने 400 से अधिक स्थानों पर पौधारोपण, नारा लेखन, निबंध, भाषण, परिंडे सजाना, पृथ्वी बचाओ हस्ताक्षर अभियान, क्विज प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, गीत, कविता सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए।

जिले के राजकीय डॉ. बी आर अंबेडकर बालक छात्रावास सीकर सेकंड में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती प्रियंका चौधरी की उपस्थिति में स्काउट मास्टर ओम प्रकाश रैगर के सान्निध्य में, स्थानीय संघ मुख्यालय स्काउट भवन फतेहपुर में

प्रभारीवि सहायक जिला कमिश्नर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में, स्वतंत्रता सेनानी श्री चंद्रसिंह बिजारणिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर बड़ा में स्काउटर आदित्य सक्सैना के मार्गदर्शन में स्काउट्स ने मूक पक्षियों के लिए परिंडे तथा चुग्गा पात्र लगाने का अभियान शुरू कर पृथ्वी दिवस मनाया।

## जोधपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा आयोजित 2 दिवसीय जिला स्तरीय इको क्लब प्रभारी आमुखीकरण कार्यशाला 28 से 29 मार्च 2025 तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही पर आयोजित की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पंचायती राज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी रहे और अध्यक्षता सांसद सिरोही जालोर श्री लुम्बाराम चौधरी ने की, तथा विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी तारा भंडारी व प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह ने की। इस अवसर पर ओटाराम देवासी ने उपस्थित स्काउट गाइड, रोवर रेंजर व इको क्लब प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड का मूल मंत्र ही समाज सेवा है। इससे छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। स्काउट गाइड संगठन एक जीवन जीने की कला है। जिससे जुड़ने से छात्र–छात्राओं में देश सेवा भावना जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों में स्काउट गाइड की सेवाएं सराहनीय है। अध्यक्षता




करते हुए लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि मैं शुरू से ही स्काउट गाइड संगठन से जुड़ा हुआ हुँ। स्काउट गाइड की सेवाएं हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। प्रारम्भ में सी.ओ.स्काउट एम.आर. वर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि मंत्री महोदय और सांसद महोदय ने स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही के विकास के लिए जो सहयोग दिया है स्काउट गाइड संगठन आपका आभार व्यक्त करता है। लगाई गई पर्यावरण प्रदर्शनी का भी अतिथियों ने उद्‌घाटन किया। अतिथियों ने जनजाति के 16 स्काउट गाइड को निःशुल्क स्काउट गाइड पोषाक वितरित की। मृदुला व्यास जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा सिरोही ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय वेस्ट टू बेस्ट कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर गणपत सिंह देवडा, मंछाराम मेघवाल, बाबुलाल सैनी, मनोज नालिया, भंवर सिंह दहिया, सतीश कुमार मीणा, प्रतापराम, दिलीप माली, अनिल प्रजापत, हिम्मत छीपा, गोविन्द सैनी, प्रकाश पटेल, कैलाश मेघवाल, मोहित अग्रवाल, रोहित कुमार, दर्शन सिंह गुर्जर, परशुराम गरासिया, दृष्टि पाण्डेय, कोमल प्रजापत, लक्ष्मण कुमार कीर आदि उपस्थित थे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा 22 अप्रेल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया और इस अवसर पर पक्षियों के लिए परिण्डा बाँधो अभियान का शुभारंभ भी किया गया। सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर जिले में भारत स्काउट व गाइड द्वारा कई कार्यक्रम



आयोजित किये गये हैं। जिले में नेशनल ग्रीन कोर के सदस्य कब बुलबुल स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर द्वारा 5100 परिंडा एवं चुग्गा पात्र विद्यालयों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाएंगे। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार गर्ग पूर्व सचिव स्थानीय संघ सिरोही, मोहित अग्रवाल, दर्शन सिंह गुर्जर, सकूँ कुमारी, विशना कुमारी, बैना कुमारी, सीमा कुमारी, रीमा कुमारी आदि रोवर रेंजर उपस्थित थे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के जिला प्रशिक्षण केंद्र में 7 अप्रेल को पक्षियों के लिए परिंडा ओर चुग्गा पात्र लगाकर परिंडा अभियान का आगाज किया गया। कार्यकम जिला स्काउट गाइड संगठन के अध्यक्ष और पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर (गाइड) नूतन



बाला कपिला, जिला संगठन के उपप्रधान ताराचंद जैन, रमेश चंद्र वैष्णव, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश परिहार, गाइडर लीला जैन, पूर्व पार्षद अशोक बाफना और विकास बुबकिया एवं पुखराज सुथार आदि ने स्काउट ग्राउंड में पक्षियों के लिए परिंडा लगाकर अभियान का आगाज किया। सी.ओ. स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनगर पाली के स्काउट और गाइड ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर श्रमदान कर पॉलीथिन उन्मूलन अभियान चलाया। इसके पश्चात स्काउट यूनिट लीडर जयपाल एवं दीपक जावा के निर्देशन में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर आम और जामुन के पौधे लगाए गए। जिला कलक्टर पाली एवं जिला प्रशासन पाली की पहल पर जिले भर में स्काउट गाइड द्वारा अपने–अपने विद्यालयों में मूक पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे और चुग्गा पात्र लगाए गए। सी.ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया कि इसी कड़ी में जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंगबाड़ी पाली में 21 परिंडे लगाए गए तथा उनमें नियमित पानी एवं चुग्गा पात्र में चुग्गा डालने की जिम्मेदारी ली गई। इस अवसर पर जिला एमओपी कॉर्डिनेटर और राष्ट्रपति अवार्ड रोवर विशाल, अर्जुन, कृष्णा, रेंजर काव्या आदि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के तत्वावधान में 25 से 29 मार्च 2025 तक आयोजित हुए राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का 29 मार्च को समापन हुआ। सी.ओ. स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि शिविर में सतत विकास लक्ष्यों एवं प्रोजेक्ट से संबंधित खेल एवं गतिविधियों का आयोजन किया। पांच दिवसीय शिविर में स्काउटर जयपाल सिंह एवं जिला एमओपी कॉर्डिनेटर विशाल के नेतृत्व में एसडीजी एवं पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के प्रोजेक्ट्स व अभियानों के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड को सभी प्रोजेक्ट और अभियान की जानकारी दी गई। कार्यकम में पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में सी.ओ. गाइड डिंपल दवे, शिविर संचालक पुरूषोत्तम पूरी, प्रधानाचार्य भीम सिंह द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सी.ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया कि एसडीजी प्रोग्राम के तहत स्काउट्स गाइड्स को 17 लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई और नेटवर्किंग टीम, पीस ऑफ पेंटिंग एवं सेल्फी पॉइंट्स और फोटो स्टेशन गतिविधियों के आयोजन में रोवर्स कैलाश, विक्रम, करण, भीमा, हिमांशु, हितेश, रेंजर काव्य दवे एवं वान्या दवे के सहयोग से सफल आयोजन किया गया।



❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के तत्वावधान मे 26 से 28 मार्च तक जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में 03 दिवसीय कब बुलबुल उत्सव आयोजित किया गया। 28 मार्च को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सभापति और जिला स्काउट संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बोहरा रहे, अध्यक्षता सहायक स्टेट कमिश्नर गाइड नूतन बाला कपिला ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष पूनम तिवारी, और रमेश चंद वैष्णव ने शिरकत की। समापन समारोह में कब बुलबुल द्वारा विशाल गर्जना, बड़ी सलामी और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महेंद्र



बोहरा ने कब बुलबुल और स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी के लिए स्काउट गाइड गतिविधि चरित्र निर्माण की पाठशाला है। शिविर में 124 स्काउट गाइड और 75 कब बुलबुल ने भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर कब बुलबुल को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में सेवा देने वाले स्टाफ और सर्विस रोवर रेंजर विशाल, करण, भीमाराम, हिमांशु और हितेश, रेंजर काव्या का भी सम्मान किया गया। सी.ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया कि प्रातः सौर ऊर्जा संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत भारतीय बाल निकेतन विद्यालय के स्काउट गाइड ने राजनगर पाली से जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली तक साइकिल रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, पाली के तत्वावधान में 22 अप्रेल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पक्षियों के लिए परिंडे और चुग्गा पात्र लगाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के विभिन्न विद्यालय एवं इको क्लब में स्काउट गाइड ने परिंडे बांधकर मूक पक्षियों की भीषण गर्मी में प्यास बुझाने का प्रयत्न किया। सी.ओ. स्काउट गोविंद मीणा ने बताया कि जिले में परिंडा कार्यक्रम के तहत कब, बुलबुल,



स्काउट, गाइड द्वारा मौहल्ले में पेड़ों पर परिंडे बांधकर गली–गली जाकर पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करने का प्रयास किया तथा मौहल्ले के आमजन को भी इस मुहिम से जुड़ने एवं नियमित पानी की व्यवस्था के लिए आग्रह किया। जिला मुख्यालय पाली के सेंट जेवियर स्कूल, भारतीय बाल निकेतन विद्यालय राजनगर, एलपीएस स्कूल विद्यावाड़ी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आईचिया में सचिव पाली कैलाश कुमार के नेतृत्व में स्काउट गाइड द्वारा वृक्षारोपण, पौधों की सार संभाल, उद्यान की संभाल के अलावा पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सी.ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया की पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब गतिविधि के माध्यम से नियमित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पृथ्वी दिवस आयोजन के अवसर पर पूरे सप्ताह इन गतिविधियों का आयोजन होगा, जिसमें स्काउट गाइड द्वारा पक्षियों के लिए पानी चुग्गा की व्यवस्था, वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष रोपित पौधों की सार संभाल एवं नियमित देखभाल, गर्मी में पानी के अभाव में सूख न जाए इस प्रकार के छोटे पौधों को बचाने का प्रयास, स्काउट गाइड द्वारा विद्यालयों में लगाई गई इको वाटिका का रख रखाव आदि कार्य किए जा रहे हैं।

## उदयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, मंडल मुख्यालय, उदयपुर द्वारा 22 अप्रेल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरणीय कार्यक्रम का आयोजन द स्कॉलर्स एरिना सीनियर सैकेंडरी स्कूल आर के पुरम में संपन्न हुआ। विद्यालय के लगभग 125 स्काउट व गाइड लाभान्वित हुए। यूनिट लीडर व ट्रेनिंग काउंसलर डॉ भगवती लाल साहु से प्राप्त जानकारी के अनुसार पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में स्थानीय विद्यालय में पर्यावरण पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के आरंभ में मंडल मुख्यालय के सुरेंद्र कुमार पाण्डे का सुश्री विदुषी जैन ने पगड़ी पहनाकर एवं प्रिंसीपल डॉ माया त्रिवेदी ने ऊपरणा ओढ़ा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्री पाण्डे ने वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु



परिवर्तन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में स्काउट व गाइड विद्यार्थियों को समझाया तथा पर्यावरण को कैसे शुद्ध रखा जाए और समझाया कि पॉलीथिन से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया। भीषण गर्मी में मूक पशु पक्षियों के लिए चुग्गा पात्र और परिंडा अभियान, ठंडे पानी की प्याऊ लगाने आदि विभिन्न प्रकार के छोटे–छोटे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में काम आने वाली समस्त सामग्री जैसे रंग पेंसिल रबर शॉपनर अन्य पेंटिंग की सामग्री सेट वगैरह सभी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को टोपी (केप) उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के अंत में यूनिट लीडर डॉ श्री भगवती लाल साहू ने धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित निःशक्तजन दिव्यांग स्काउट का तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर मण्डल शिविर केन्द्र उदयनिवास पर आयोजित किया गया। सुरेन्द्र कुमार पाण्डे सी.ओ. स्काउट उदयपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिलाषा विशेष विद्यालय के 30 निःशक्त एवं दिव्यांग स्काउट्स ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर में इन्हे भारत स्काउट व गाइड संगठन की जानकारी, सिद्धान्त, परिभाषा, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, चिन्ह, सैल्यूट, आदर्श वाक्य, झण्डा गीत, आदर्श वाक्य, बायां हाथ मिलाना आदि सिखाया गया। स्काउट आन्दोलन के इतिहास की जानकारी, प्रवेश से तृतीय सोपान तक के पाठ्यक्रम की जानकारी पायनियरिंग, विभिन्न प्रकार की गांठे,



लेसिंग, अनुमान लगाना, कम्पास, दिशा ज्ञान, प्राथमिक सहायता, विभिन्न प्रकार के इंप्रुवाईज्ड स्ट्रेचर, टैंट पीचिंग, हाईकिंग, खोज के चिन्ह, खुले में दो तिली से आग जलाकर बिना बर्तन के बेक वुड्समैन कुकिंग के द्वारा कम से कम दो व्यक्तियों के लिए भोजन सामग्री बनाना तथा आतिथ्य सत्कार आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि समा परवीन वाईस प्रिंसीपल अभिलाषा विशेष विद्यालय रही जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मनमोहन स्वर्णकार सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट उदयपुर संभाग ने की। श्री पाण्डे ने बताया कि शिविर की संचालन व्यवस्थाओं में विशाल गुप्ता, दिव्यांश ब्रिजवानी का विशेष सहयोग रहा। दिव्यांग स्काउट्स के साथ अभिलाषा विशेष विद्यालय के स्काउट मास्टर दिव्येश लक्षकार तथा यदुवेन्द्र सिंह सैनी की सेवाएं अत्यन्त ही सराहनीय रही। मुख्य अतिथि पद समा परवीन ने तथा अध्यक्षीय पद से मनमोहन स्वर्णकार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर से निश्चित ही बालकों में अनुशासन और आदर्श जीवन जीने की कला का विकास होगा।

❖ भारत स्काउट व गाइड, उदयपुर जिले के अधिनस्थ स्थानीय संघ बड़गांव की पंजीकृत इकाई 53 वां उदय ओपन रोवर क्रू भुवाणा ने 18 अप्रेल को भुवाणा चौराहे के पास मोबाइल मास्टर दुकान के सामने भीषण गर्मी में चलते राहगीरों को गर्मी तथा लू से राहत दिलाने के उद्देश्य को लेकर ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर आम जनता के लिए पुनीत कार्य का शुभारंभ किया। रोवर लीडर सुरेश कुमार प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन भारत स्काउट व गाइड



के सी.ओ. स्काउट सुरेंद्र कुमार पाण्डे ने किया। इस अवसर पर उदय ओपन रोवर क्रू के कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य तथा रोवर्स आदि मोहन लाल डांगी सरपंच भुवाणा, सरपंच दीप लाल मेनारिया, भामाशाह प्रेम शंकर डांगी, सुरेश डांगी, नारायण डांगी, नीरज, किशोर, राहुल मेनारिया, प्रकाश प्रजापत, देवी लाल गमेती ने उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान किया। सुरेश प्रजापत ने यह भी बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राह पर राहगीरों, तथा वाहन चालकों, फैक्ट्री आदि में काम कर रहे श्रमिको के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए लगाई गई प्याऊ के संचालन में श्रीनाथ वाटर सप्लाई का पूरा सहयोग रहेगा। पानी, बर्फ, कैंपर और मानवीय सेवाएं रोवर क्रू के पदाधिकारी सदस्यों तथा रोवर्स द्वारा दी जा रही है।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए सुरेंद्र कुमार पाण्डे ने कहा कि भारत स्काउट गाइड की यह प्राचीन परंपरा रही है कि स्काउटिंग गाइडिंग के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मी की छुट्टियों में आमजन को तपती धूप से बचाने के लिए ठंडे पानी की प्याऊ तथा मूक पशु पक्षियों के लिए चुग्गा पात्र और परिंडा अभियान तथा कौशल विकास के कार्यक्रमों के लिए अभिरुचि शिविरों का संचालन किया जाता है। इसी श्रृंखला में आज उदय ओपन रोवर क्रू के रोवर लीडर सुरेश कुमार प्रजापत की पहल पर इस ठंडे पानी की प्याऊ लगवाने का पुनीत कार्य किया है। श्री पाण्डे ने प्याऊ की संचालन व व्यवस्थाओं में लगे हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए बधाई दी।

❖ द विजन एकेडमी स्कूल, उदयपुर में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करना हैं कार्यक्रम की शुरुआत चुग्गा पात्र में पक्षियों के लिए दाना–पानी डालने से हुई। इसके बाद विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सभी स्काउट गाइड्स और बुलबुल ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। सफाई के माध्यम से उन्होंने स्वच्छता के महत्व को समझा और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके




पश्चात पेड़–पौधों को पानी दिया गया और उनकी देखभाल का जिम्मा छात्रों ने लिया। बच्चों ने पौधों के महत्व को जाना और यह वचन दिया कि वे उनकी नियमित देखभाल करेंगे। पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल प्राचार्य डॉ प्रतिमा सांभर ने किया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के महत्व पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया और बताया कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक शिक्षाप्रद और प्रेरक अनुभवित रहा, जो उनके व्यवहार में स्थायी परिवर्तन

लाने में सहायक सिद्ध होगा। विद्यालय के स्काउट मास्टर उमेश चंद्र पुरोहित, गाइड शिप्रा चतुर्वेदी, फ्लॉक लीडर तरुणा शर्मा ने मिलकर सारी गतिविधि संपन्न करवाई।

❖ भारत स्काउट व गाइड, भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमन्द के तत्वावधान में नेशनल ग्रीन कोर के इको क्लब प्रभारियों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जेलिया ने कहा कि इको सिस्टम को मजबूत करने में स्काउट गाइड का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में संभागियों को इको सिस्टम को



सही रखने के लिये गीले कचरे एवं सूखे कचरे को अलग–अलग करके डालने का महत्व स्पष्ट किया। सी.ओ. गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय के जलचक्की स्थित चौमुखा महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वन विभाग के रेंजर लादूराम, पुरूषोतम दास वैरागी, सहायक पर्यावरण अभियन्ता प्रदुषण नियंत्रण मण्डल राजसमन्द, प्रधानाचार्य विजयराम कलाल, महावीर प्रसाद बगेरवाल, तोलाराम खटीक, कौशल सिंह सौदा आदि थे। कार्यशाला में जिले के सातों ब्लॉक के इको क्लब प्रभारी, राजकीय व निजी विद्यालय के संस्था प्रधानों के साथ महाविद्यालय के रोवर रेंजर सम्मिलित हुए। स्थानीय संघ सचिव मुख्यालय राजसमन्द धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत स्काउट प्रार्थना से व स्वपरिचय से की गई। प्रार्थना पश्चात आगन्तुकों को जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक, स्थानीय संघ सचिव देवगढ़ के रामसिंह चौहान, स्थानीय संघ सचिव भीम के अहमद अली एवं सी.ओ. गाइड अभिलाषा मिश्रा ने मेवाडी पाग, तिलक, प्रसादी ईकलाई व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा, राकेश टांक व धर्मेन्द्र अनोखा ने संभागियों को सम्बोधित किया एवं इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण के संतुलन के लिये परिण्डे लगाना, पौधे लगाना, पौधों की देखभाल करना, पोस्टर प्रतियोगिता करवाना इत्यादि कार्यों के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमंद के तत्वावधान में वेस्ट टू बेस्ट कार्यशाला आयोजित की गई एवं स्काउटिंग के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम भी रखा गया। इसमें अल्केश सनाढ्य, सुरेश भाट दैनिक नवज्योति, कानु कुमावत राजस्थान न्यूज़, तरुण जोशी एनडीटीवी, बाबूलाल कीर दैनिक भास्कर, विजय शर्मा खबरा मेवाड़ी, भूपेंद्र कुमार, निखिल बागोरा उपस्थित थे। राकेश टांक एएलटी स्काउट ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्काउटिंग की संक्षिप्त जानकारी भी दी गई। श्री बाबू लाल कीर ने स्वयं द्वारा की गई स्काउटिंग को स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स के समक्ष रखते हुए अपनी स्काउटिंग की जीवनी बताई। स्थानीय संघ सचिव धर्मेंद्र कुमार गुर्जर ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते



हुए कहा कि अपने अमूल्य समय में से मीडिया कर्मियों का पधारना अर्थात भारतीय लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ का स्काउटिंग गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान करना है। राज्य पुरस्कार अवार्ड प्राप्त रोवर चेतन बरवा ने बताया कि किस प्रकार स्काउटिंग से उसके जीवन में बदलाव आए हैं। गतिविधि में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मोही, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़गुल्ला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गजपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एमडी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एसआरके, महाविद्यालय सुभाष ओपन रोवर क्रू, मीरा ओपन रेंजर टीम के स्काउट गाइड रोवर रेंजर सम्मिलित रहे। इसमें अपनी सेवाएं नारायण लाल कलाल, प्रेम राज मीणा, माधव लाल जटिया, शारदा खटीक, मुदिता पानेरी ने दी।

❖ राजसमन्द जिले के दूर अंचल स्थित अरावली उपत्यकांओ के मध्य स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बडगुल्ला में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के सक्रिय यूनिट द्वारा पृथ्वी दिवस मना विविध गतिविधियां आयोजित की गई। जिला संयुक्त सचिव व स्काउटर राधेश्याम राणा ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहनलाल की अध्यक्षता में स्काउट गाइड कब बुलबुल बच्चों द्वारा रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में मूक पक्षियों के लिये परिण्ड़े बांधे गये एवं चुग्गा पात्र लगाये गये। इस अवसर पर स्काउट गाइड कब बुलबुल ने पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत किया गया। अधिकाधिक वृक्षारोपण करने




हेतु बच्चों को संकल्प दिलाया गया। साथ ही सम्पूर्ण विद्यालय परिसर की विशेष साफ–सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन लाल, पवन मीणा, राजेश बलाई, मदन सिंह, महेश मीणा, भंवर सिंह सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रा.उ.प्रा.वि. कुम्भानगर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं पक्षियों के लिये परिण्डे बांधकर स्काउट गाइड को पृथ्वी व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सी.ओ. (स्काउट) चन्द्र शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में प्रत्येक स्थानीय संघ के माध्यम से इको क्लब ग्रुपों एवं स्काउट गाइड के माध्यम से पृथ्वी के संतुलन को बनाये रखने एवं पक्षियों को



इस भीषण गर्मी में दाना–पानी की व्यवस्था हेतु चुग्गा पात्र व परिण्डे बांधने की अपील कर आमजन को भी इस अभियान से जुड़ने के लिये अपील की है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला ने परिण्डे में पानी डालकर परिण्डा अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने इस पुनीत कार्य के लिये बधाई देते हुये कार्यालय परिसर के बाहर परिण्डों मे प्रतिदिन पानी भरने व साफ–सफाई के लिये कार्मिक को निर्देश प्रदान किये। श्रीमती कल्पना शर्मा, जि.शि.अ. मा.शि. एवं राजेन्द्र कुमार शर्मा, जि.शि.अ. मा.शि के निर्देशन में कार्यालय परिसर में परिण्डे बांधे गये। स्काउट गाइड मुख्यालय चित्तौड़गढ़ परिसर में एवं किला रोड़ पर भी परिण्डे बांधे गये। इस अवसर पर पंकज दशोरा सचिव स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़, रोवर पवन माली, रौनक लखारा, रेंजर रिमझिम पारीक, दर्शिका शर्मा, सोनाक्षी चेचानी उपस्थित थे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में बी.पी. पार्क, किला रोड़ चित्तौड़गढ़ पर 24 से 26 मार्च 2025 तक जिला स्तरीय कब–बुलबुल उत्सव एवं 24 से 28 मार्च 2025 तक जिला स्तरीय अनुसूचित जनजाति स्काउट गाइड व निपुण रोवर–रेंजर प्रशिक्षण शिविर एवं राज्य पुरस्कार स्काउट–गाइड व रोवर–रेंजर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन सर्वधर्म प्रार्थना सभा के बाद ध्वजावतरण के साथ हुआ। चन्द्र शंकर श्रीवास्तव सी.ओ. स्काउट चित्तौड़गढ़ ने बताया कि शिविर संचालक अखिलेश श्रीवास्तव व सहायक शिविर संचालक सुश्री आशा वीरवाल के



नेतृत्व में 41 कब व 44 बुलबुल ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर में कब–बुलबुल ने ध्वजारोहण, प्रार्थना, झण्डागीत, नियम, प्रतिज्ञा, वीर गर्जना, विशाल गर्जना, बड़ी सलामी, घेरे के गीत आदि गतिविधियों तथा कविता पाठ, एकल नृत्य, समूह गान, चित्रकला, चम्मच दौड़, बाधा दौड़, लंगड़ी टांग, मेंढक कूद, बोरा कूद, संतुलन बनाना, गुब्बारे फुलाना प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रशिक्षक दल के रूप में देवकी नन्दन वैष्णव, सुमन बल्दवा, प्राची श्रीवास्तव, भारती वर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

जिला स्तरीय अनुसूचित जनजाति स्काउट/गाइड व निपुण रोवर/रेंजर प्रशिक्षण एवं राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड व रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 से 28 मार्च 2025 तक किया गया। शिविर का संचालन क्रमशः लक्ष्मी लाल आचार्य, सत्य नारायण सोमानी, इन्द्र लाल आमेटा के नेतृत्व में जवान सिंह, दिलीप प्रजापत, प्रेम प्रकाश मीणा, सोहन लाल मेघवाल, पवन माली, शीला दशोरा, काजल, मुस्कान डायर, शिवानी राठौड़, अनीता मीणा, लवीना कुमारी मीणा, कोहिनूर बानू, जनजाति छात्रावास प्रभारी नरेश कुमार रेंगर, चैन सिंह, श्रीमती उषा त्यागी, अनिल वर्मा आदि ने प्रशिक्षण प्रदान किया। स्काउट भगत भूल, सांवरिया लाल गुर्जर, अनुराग आदि ने सेवाएं प्रदान की।

❖ 'क्लाइमेट राइडर' शिप्रा चतुर्वेदी एवं 'फ्लॉक' तरुण शर्मा 'क्लाइमेट राइडर स्काउटर' उमेश चंद्र पुरोहित 'द विजन एकेडमी स्कूल, (ए यूनिट ऑफ आर.एम.वी) उदयपुर' द्वारा 07 अप्रेल को कार्यक्रम 'जल संरक्षण' से संबंधित नेशनल ग्रीन कोर योजना के अंतर्गत मंडल मुख्यालय उदयपुर के तत्वावधान में जल संरक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी.ओ. गाइड श्रीमती विजयलक्ष्मी




रोहिल्ला ने की। सहभागी संख्या 15 गाइड, 20 स्काउट, व 16 बुलबुल ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग, निबंध, स्लोगन राइटिंग आदि में भाग लिया व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त स्काउट गाइड को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के रूप में भी मनाया गया, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य को हेल्दी रखने के लिए गाइड किया गया। उदयपुर सीएचएमओ डॉ. राकेश गुप्ता एवं डॉ. राकेश शर्मा ने किशोर स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। डॉ. विनोज कुमारी ने भी इस कार्यक्रम में गाइड को पर्सनल हाइजीनिक के बारे में व कुछ सामान्य जानकारी के बारे में अवगत कराया और कैसे सुरक्षित रहा जाए के बारे में बताया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजमसन्द के समीप स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एमडी के 14 स्काउट व गाइड को राज्यपाल अवार्ड प्राप्त करने पर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रथम सहायक कौशल चन्द्र सनाढ्य ने बताया कि सत्र 2024–25 के राज्यपाल जांच शिविर में सहभागिता कर इन स्काउट गाइड ने राज्यपाल अवार्ड प्राप्त किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता पंचायत शिक्षा अधिकारी



ग्राम पंचायत एमडी के भानु कुमार वैष्णव ने की, मुख्य अतिथि के रूप में विनायक ड्राइविंग स्कूल के डायरेक्टर महेश वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् गीता पडियार, प्रधानाचार्य चन्द्र वन्दना कुमावत, कौशलचन्द्र सनाढ्य थे। स्वागत प्रधानाचार्य भानु कुमार वैष्णव ने किया।

विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि विद्यालय के स्काउट शुभम गायरी, अर्जुन गायरी, हर्षित सालवी, अनिल रेदास, लक्ष्मण लौहार, रमेश कुमावत, शिवलाल कुमावत, गाइड पूनम कुमावत, निर्मला कुमावत, हेमलता कुमावत, ट्विंकल कुमावत, प्रियंका सालवी, ललिता लौहार आदि ने राज्यपाल अवार्ड प्राप्त किया जिन्हें सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भामाशाह एवं शिक्षाविद गीता पडियार की तरफ से विद्यालय की स्काउटिंग गाइडिंग की सबसे छोटी विंग कब और बुलबुल के पूरे ट्रुप को पोषाक भेंट की गई।

❖ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एमडी, राजसमन्द के स्काउट गाइड व कब बुलबुल ने 'घर–घर जायेगें परिण्डे व चुग्गा पात्र लगायेगें, स्काउट गाइड का कहना है, हरियाली बढाना है' के निनाद के साथ पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं पंचायत शिक्षा अधिकारी ग्राम पंचायत एमडी के भानु कुमार वैष्णव ने बालक बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की अगर हम सब मिलकर अपने–अपने घरों में एक–एक पेड लगाकर व पक्षियों के लिए इस भीषण गर्मी में परीण्डा व चुग्गा पात्र लगायेगें तो निश्चित रूप से हम प्रकृति के सन्तुलन को बनाय रखने में सहायक सिद्ध होगें। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं स्थानीय संघ राजसमन्द सचिव धर्मेद्र अनोखा ने बताया कि पृथ्वी दिवस पर इको क्लब सदस्यों ने जिलाधीश महोदय बालमुकुन्द असावा के पक्षी मित्र मुहिम के तहत विद्यालय में स्काउट गाइड



व कब बुलबुल ने पक्षियों के लिये परिण्डे एवं चुग्गा पात्र लगाए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के चन्द्र वन्दना कुमावत, कौशलचन्द्र सनाढ्य, गाइडर निशा जांगिड़, पुर्णिमा राजपूत, मंजु वैष्णव, शान्ति शर्मा, गोपाल कुमावत, भावेश कुमावत, सोनाली शक्तावत आदि ने सहभागिता की।

पर्यटन स्थल



# देलवाड़ा मंदिर

## शिल्प सौंदर्य का बेजोड़ खजाना



देलवाड़ा (दिलवाड़ा) मंदिर, पाँच मंदिरों का एक समूह है। ये राजस्थान के सिरोही जिले के माउंट आबू नगर में स्थित हैं। इन मंदिरों का निर्माण ग्यारहवीं और तेरहवीं शताब्दी के बीच हुआ था। यह शानदार मंदिर जैन धर्म के तीर्थंकरों को समर्पित हैं। देलवाड़ा के मंदिरों में 'विमल वसही मंदिर' प्रथम तीर्थंकर को समर्पित सर्वाधिक प्राचीन है, जो 1031 ई. में बना था। बाईसवें तीर्थंकर नेमीनाथ को समर्पित 'लूण वसही मंदिर' भी काफी लोकप्रिय है। यह मंदिर 1231 ई. में वास्तुपाल और तेजपाल नामक दो भाईयों द्वारा बनवाया गया था। दिलवाड़ा जैन मंदिर परिसर में पांच मंदिर संगमरमर के हैं। मंदिरों के लगभग 48 स्तम्भों में नृत्यांगनाओं की आकृतियां बनी हुई हैं। दिलवाड़ा के मंदिर और मूर्तियां मंदिर निर्माण कला का उत्तम उदाहरण हैं।

समुद्र तल से लगभग साढ़े पांच हजार ऊंचाई पर स्थित राजस्थान की मरुधरा के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू पर जाने वाले पर्यटकों, विशेषकर स्थापत्य शिल्पकला में रूचि रखने वाले सैलानियों के लिए इस पर्वतीय स्थल पर सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र वहां मौजूद देलवाड़ा के प्राचीन जैन मंदिर है।

11वीं और 13वीं सदी के बीच बने ये जैन मंदिर संगमरमर पर नक्काशी के उत्कृष्ट नमूने है। पांच मंदिरों में विमल वसही सबसे पुराना है। इन मंदिरों की अद्भुत कारीगरी देखने योग्य है। अपने ऐतिहासिक महत्व और संगमरमर के पत्थर पर बारीक़ नक्काशी की जादूगरी के लिए पहचाने जाने वाले राजस्थान के सिरोही जिले के इन विश्वविख्यात मंदिरों में शिल्प–सौंदर्य का ऐसा बेजोड़ खजाना है, जिसे दुनिया में अन्य और कहीं नहीं देखा जा सकता है।

आबू रेल्वे–स्टेशन से लगभग 20मील दूर स्थित देलवाड़ा के इन मंदिरों की भव्यता और उनके वास्तुकारों के भवन–निर्माण में निपुणता, उनकी सूक्ष्म पैठ और छेनी पर उनके असाधारण अधिकार का परिचय देती है। देलवाडा में पाँचों मंदिर की विशेषता यह है कि उनकी छत, द्वार, तोरण, सभा–मंडपों पर उत्कृष्ट शिल्प एक दूसरे से बिलकुल भिन्न है। हर पत्थर और खम्बे पर नई नक्काशी संगमरमर पर जादूगरी की अनूठी मिसाल है, जिसे पर्यटक अपलक देखता ही रहता है। यहां की कला में जैन संस्कृति का वैभव और भारतीय संस्कृति के दर्शन होते हैं।

पांच मंदिरों के समूह में दो विशाल मंदिर हैं और तीन उनके अनुपूरक मंदिर हैं। सभी मंदिरों का शिल्प–सौंदर्य एक से बढ़कर एक है। मंदिरों के प्रकोष्ठों की छतों पर लटकते, झूमते, गुम्बज स्थान–स्थान पर गढ़ी सरस्वती, अम्बिका, लक्ष्मी, सर्वेश्वरी, पद्मावती, शीतला आदि देवियों की दर्शनीय छवियां शिल्पकारों की छेनी की निपुणता की साक्ष्य हैं। यहां उत्कीर्ण मूर्तियों और कलाकृतियों में शायद ही कोई ऐसा अंश हो जहाँ कला की पूर्णता के चिन्ह न दिखते हो।

शिलालेखों और ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार 600–800 ई.पू. में आबू नागा जनजाति का केन्द्र था। महाभारत में आबू का महर्षि वशिष्ट के आगम के रूप में उल्लेख है। जैन शिलालेखों के अनुसार जैन धर्म के प्रतिस्थापक भगवान महावीर ने भी इस प्रदेश को लाभान्वित और यहाँ के वासियों को आशीर्वाद दिया। देलवाड़ा के जैन मंदिरों में सबसे बड़ा मंदिर विमल वसही है। इस मंदिर का निर्माण गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री और सेनापति विमल शाह ने 1031 ई. में पुत्र प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर करवाया था। 1500 शिल्पियों ने 14 वर्षों में इसे मूर्त रूप दिया। इस मंदिर में कुल 57 देवलियां स्थापित है, जिनमें तीर्थंकरों व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं

शेष पृष्ठ सं. 21 पर

हमारे महापुरुष



# महाराणा प्रताप

## प्रताप जयन्ती : 29 मई



मेवाड़ की शान एवं स्वतंत्रता के प्रति दृढ़संकल्पवान वीर शासक एवं महान देशभक्त महाराणा प्रताप का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अंकित है। महाराणा प्रताप अपने युग के महान व्यक्ति थे। उनके गुणों के कारण सभी उनका सम्मान करते थे।

ज्येष्ठ शुक्ल तीज सम्वत् (9 मई) 1540 को मेवाड़ के राजा उदय सिंह के घर महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। महाराणा प्रताप की माता का नाम जैवन्ताबाई था, जो पाली के सोनगरा अखैराज की बेटी थी। महाराणा प्रताप को बचपन में कीका के नाम से पुकारा जाता था। महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक गोगुन्दा में हुआ। प्रताप को बचपन से ही अच्छे संस्कार, अस्त्र–शस्त्रों का ज्ञान और धर्म की रक्षा की प्रेरणा अपने माता–पिता से मिली।

सादा जीवन और दयालु स्वभाव वाले महाराणा प्रताप की वीरता और स्वाभिमान तथा देशभक्ति की भावना से अकबर भी बहुत प्रभावित हुआ था। जब मेवाड़ की सत्ता राणा प्रताप ने संभाली, तब आधा मेवाड़ मुगलों के अधीन था और शेष मेवाड़ पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के लिये अकबर प्रयासरत था। राजस्थान के कई परिवार अकबर की शक्ति के आगे घुटने टेक चुके थे, किन्तु महाराणा प्रताप अपने वंश को कायम रखने के लिये संघर्ष करते रहे और अकबर के सामने आत्मसर्मपण नहीं किया। जंगल–जंगल भटकते हुए तृण–मूल व घास–पात की रोटियों में गुजर–बसर कर पत्नी व बच्चे को विकट परिस्थितियों में अपने साथ रखते हुए भी उन्होंने कभी धैर्य नहीं खोया। धन के अभाव में सेना के टूटते हुए मनोबल को पुनर्जीवित करने के लिए दानवीर भामाशाह ने अपना पूरा खजाना समर्पित कर दिया। तो भी, महाराणा प्रताप ने कहा कि सैन्य आवश्यकताओं के अलावा मुझे आपके खजाने की एक पाई भी नहीं चाहिए। अकबर ने स्वयं स्वीकारा कि महाराणा प्रताप के पास साधन सीमित थे, किन्तु फिर भी वो झुके नहीं, डरे नहीं।

हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून 1576 ईस्वी में मेवाड़ तथा मुगलों के मध्य हुआ था। इस युद्ध में मेवाड की सेना का नेतृत्व महाराणा प्रताप ने किया था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप की तरफ से लड़ने वाले एकमात्र मुस्लिम सरदार थे –हकीम खाँ सूरी।

इस युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व मानसिंह तथा आसफ खाँ ने किया। इस युद्ध का आँखों देखा वर्णन अब्दुल कादिर बदायूनीं ने किया। इस युद्ध को आसफ खाँ ने अप्रत्यक्ष रूप से जेहाद की संज्ञा दी। इस युद्ध में बींदा के झालामान ने अपने प्राणों का बलिदान करके महाराणा प्रताप के जीवन की रक्षा की।

महाराणा प्रताप का हल्दीघाटी के युद्ध के बाद का समय पहाड़ों और जंगलों में व्यतीत हुआ। अपनी पर्वतीय युद्ध नीति के द्वारा उन्होंने अकबर को कई बार मात दी। यद्यपि जंगलों और पहाड़ों में रहते हुए महाराणा प्रताप को अनेक प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ा, किन्तु उन्होंने अपने मनोबल को नहीं टूटने दिया। महाराणा प्रताप के मजबूत इरादों ने अकबर के सेनानायकों के सभी प्रयासों को नाकाम बना दिया। उनके धैर्य और साहस का ही असर था कि 30 वर्ष के लगातार प्रयास के बावजूद अकबर महाराणा प्रताप को बन्दी न बना सका। महाराणा प्रताप का सबसे प्रिय घोड़ा 'चेतक' था, जिसने अंतिम सांस तक अपने स्वामी का साथ दिया था।

हल्दीघाटी के युद्ध में उन्हें भले ही पराजय का सामना करना पड़ा किन्तु हल्दीघाटी के बाद अपनी शक्ति को संगठित करके, शत्रु को पुनः चुनौती देना प्रताप की युद्ध नीति का एक अंग था। महाराणा प्रताप ने भीलों की शक्ति को पहचान कर उनके अचानक धावा बोलने की कारवाई को समझा और उनकी छापामार युद्ध पद्धति से अनेक बार मुगल सेना को कठिनाइयों में डाला था।

महाराणा प्रताप ने अपनी स्वतंत्रता का संघर्ष जीवनपर्यन्त जारी रखा था। अपने शौर्य, उदारता तथा अच्छे गुणों से जनसमुदाय में प्रिय थे। महाराणा प्रताप सच्चे क्षत्रिय योद्धा थे, उन्होंने अमरसिंह द्वारा पकड़ी गई बेगमों को सम्मान पूर्वक वापस भिजवाकर अपनी विशाल हृदय का परिचय दिया।

महाराणा प्रताप को स्थापत्य, कला, भाषा और साहित्य से भी लगाव था। वे स्वयं विद्वान तथा कवि थे। उनके शासनकाल में अनेक विद्वानों एवं साहित्यकारों को आश्रय प्राप्त था। अपने शासनकाल में उन्होंने युद्ध में उजड़े गाँवों को पुनः व्यवस्थित किया। नवीन राजधानी चावण्ड को अधिक आकर्षक बनाने का श्रेय महाराणा प्रताप को जाता है। राजधानी के भवनों पर कुम्भाकालीन स्थापत्य की अमिट छाप देखने को मिलती है। पद्मिनी चरित्र की रचना तथा दुरसा आढा की कविताएं महाराणा प्रताप के युग को आज भी अमर बनाये हुए हैं।

महाराणा प्रताप में अच्छे सेनानायक के गुणों के साथ–साथ अच्छे व्यवस्थापक की विशेषताएँ भी थी। अपने सीमित साधनों से ही अकबर जैसी शक्ति से दीर्घ काल तक टक्कर लेने वाले वीर महाराणा प्रताप की मृत्यु पर अकबर भी दुःखी हुआ था। अकबर की उच्च महत्वाकांक्षा और असीम साधन जैसी भावनाएं भी महाराणा प्रताप की अदम्य वीरता, दृढ़साहस और उज्ज्वल कीर्ति को परास्त न कर सकी। आखिरकार शिकार के दौरान लगी चोटों की वजह से महाराणा प्रताप की मृत्यु 19 जनवरी 1597 को चावंड में हुई।

आज भी महाराणा प्रताप का नाम समस्त भारतीयों के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। राणा प्रताप का स्वाभिमान भारत माता की पूंजी है। वह अजर अमरता के गौरव तथा मानवता के विजय सूर्य है। राणा प्रताप की देशभक्ति, पत्थर की अमिट लकीर है। ऐसे पराक्रमी भारत मां के वीर सपूत महाराणा प्रताप को कोटि कोटि वंदन, शत्–शत् नमन।

पृष्ठ सं. 19 का शेष

# देलवाड़ा मंदिर

## शिल्प सौंदर्य का बेजोड़ खजाना



स्थापित है। मंदिर की प्रत्येक दीवार, स्तम्भ, तोरण, छत, गुम्बद आदि पर बारीक़ नक्काशी और प्रस्तर शिल्प का सौंदर्य बिखरा हुआ है। मंदिर का सबसे उत्कृष्ट कला का भाग मंडप है, जिसके बारह अलंकृत स्तम्भों और तोरणों पर स्थित एक विशाल गोल गुम्बज है। जिसमें हाथी, घोड़े, हंस, वाद्य यंत्रो सहित शोभा यात्राओं की ग्यारह गोलाकार पंक्तियां है। प्रत्येक स्तंभ के ऊपर की ओर कई प्रकार के वाहन पर आरुढ़ सोलह विद्या देवियों की आकर्षक प्रतिमाएं हैं।

98 फीट लंबे और 42 फीट चौड़े विमल वसही मंदिर के निर्माण पर उस दौर में भी लगभग 19 करोड़ रुपये खर्च हुये। देलवाड़ा मंदिर समूह के दूसरे मंदिर लूण वसही मंदिर का निर्माण वस्तुपाल और गुजरात के सोलंकी शासक और उनके भाई तेजपाल ने 1230 में करवाया था।

इस अद्वितीय मंदिर में जैनियों के 22 वें तीर्थकर नेमिनाथ जी की मूर्ति स्थापित है। इस देवालय में देवरानी जेठानी के गोखड़े निर्मित हैं, जिनमें भगवान आदिनाथ और शांतिनाथ की प्रतिमाएं विराजमान है।

दोनों ही गोखड़े शिल्पियों की बेजोड़ कला के जीवंत प्रतीक है। इस मंदिर की परिक्रमा में 50 देवियाँ है। प्रत्येक देवरी की कला अद्वितिय है।

देलवाड़ा मंदिर क्षेत्र में ही पीतलहर अर्द्धेश्वर मंदिर, खरतरशाही पार्श्वनाथ मंदिर और भगवान महावीर स्वामी मंदिर स्थित है। महावीर स्वामी मंदिर सबसे छोटा और बहुत सादा मंदिर है। इसका निर्माण 1582 ई. में करवाया गया।

इसी प्रकार पीतलहर मंदिर का निर्माण गुजरात के भीमशाह ने संवत 1374 ई. से 1433 ई. के मध्य करवाया। बाद में सुंदर और गदा नामक व्यक्तियों ने इसका जीर्णोद्धार करवाया, इसमें ऋषभदेव की पञ्चधातु की मूर्ति स्थापित करवायी। पीतल से बनी मूर्ति का वजन 108 मन (एक मन 40 किलो) और ऊँचाई 41 इंच है। इसके अलावा यहाँ एक चोमुखी मंदिर भी है।

जिसे खारतवासी मंदिर कहा जाता है। इसमें पार्श्वनाथ भगवान की मुर्तियां विराजमान है। तीन मंजिले इस मंदिर का निर्माण 15वीं सदी के आस–पास माना जाता है। भूरे पत्थर से बना यह मंदिर अपने शिखर सहित देलवाड़ा के सभी मंदिर में सबसे ऊँचा है। देलवाड़ा मंदिर समूह के पांच श्वेताम्बर मंदिर के साथ यहाँ भगवान कुंथुनाथ के यहाँ काले पत्थर का एक ऊँचा स्तंभ बनाया था। देलवाडा के मंदिर विस्मयकारी सुकोमल, सुंदर और उत्कृष्टता से अलंकृत भारतीय शिल्पकला का मानव जाति को एक अनूठा उपहार है।

हमारा स्वास्थ्य

# क्यों जरूरी है हँसना?



संकलनकर्ता
डॉ. पी.सी. जैन
राज्य सचिव

व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में महान हस्ती स्वेट मार्डन ने लिखा है– ''मुस्कुराहट पर खर्च कुछ नहीं आता है पर यह पैदा बहुत करती है इसे पाने वाले मालामाल हो जाते है परन्तु देने वाले भी दरिद्र नहीं रहते हैं। एक क्षण की मुस्कान कभी कभी स्मृति बन जाती है जो बहुत काम आती है। तब भी यह मोल नहीं ली जा सकती है, माँगी नही जा सकती है, उधार नहीं दी जा सकती है क्योंकि जब तक यह दी ना जाए तब तक संसार में यह किसी के कुछ काम की नहीं है।

हँसना मनुष्य का प्राकृतिक स्वभाव है। जब हम छोटे थे तो पूरा दिन ही हंसी–मजाक में गुजर जाता था...फिर हम बड़े होने लगे...हमे higher studies करनी थी...अच्छी नौकरी पानी थी....life में खुद को सेट करना था...अब हम खुद को seriously लेने लगे और इसी चक्कर में हमने अपने चेहरे की मुस्कान कहीं न कहीं खो दी। और अब तो लोग जितना हँसते हैं उससे कहीं अधिक Whatsapp और Facebook पे smiles बनाते हैं!

आज इस लेख के माध्यम से आप एक बार फिर से हंसने की importance को समझें, आप जाने कि क्यों जरूरी है हँसना?

यदि आप अपने व्यक्तित्व के निर्माण में लगे हैं तो आपको आवश्यकता है – हंसी की, चेहरे पर मुस्कान बनाये रखने का अभ्यास करने की और विनोदप्रिय बनने की: जिससे आप उदासी, तनाव, अवसाद, चिंता, ईर्ष्या, क्रोध आदि पर काबू पा सकें और अपने व्यक्तित्व एवं जीवन में चमत्कारी परिवर्तन ला सकें।

अब तो मल्टीनेशनल कम्पनियां भी दफ्तर में light atmosphere कायम करने के लिए ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति करने में बहुत गम्भीर होती जा रही हैं जो work place में humour को promote कर सकते। इस काम के लिए कंपनियों ने "Humour Consultant" के पद सृजित किये हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे माहौल में व्यक्ति दोगुनी गति से कार्य करता है। उसकी कार्य क्षमता को प्रोत्साहन मिलता है। Boss से बेहतर संवाद कायम कर सकता है। व्यक्ति चुस्त एवं फुर्तीला रहता है, आदि।

मुस्कुराहट एक ऐसी वस्तु है जिसे हम सबको दे सकते है। यदि आपने प्रसन्नचित रहने का स्वभाव बना लिया है, हंसने–मुस्कुराने को जीवन का अंग बना लिया है तो निश्चित ही आप आगे बढ़ते रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आप जहाँ कहीं होंगे, वहीं अपनी मुस्कान से लोगों को अपनी ओर खीच लेंगे। आप लोगों से जुड़ेंगे और लोग आपसे।

महात्मा गांधी, चर्चिल, अब्राहम लिंकन, बनार्ड शा, सुकरात आदि कुछ नाम ऐसे है जिन्होंने मुस्कुराहट और विनोदप्रियता को अपनाकर स्वयं को चिंतामुक्त रखा था।

यहाँ तक कहा जाता है कि सुकरात ने जब जहर का प्याला पिया तो वो मुस्कुरा रहे थे।

व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में महान हस्ती

स्वेट मार्डन ने लिखा है–

"मुस्कुराहट पर खर्च कुछ नही आता है पर यह पैदा बहुत करती है इसे पाने वाले मालामाल हो जाते है परन्तु देने वाले भी दरिद्र नहीं रहते हैं। एक क्षण की मुस्कान कभी कभी स्मृति बन जाती है जो बहुत काम आती है। तब भी यह मोल नहीं ली जा सकती है, माँगी नही जा सकती है, उधार नहीं दी जा सकती है क्योंकि जब तक यह दी ना जाए तब तक संसार में यह किसी के कुछ काम की नही है।"

मुस्कुराहट के बारे में ये शब्द मील के पत्थर है जिन पर मनन करके आप अपने व्यक्तित्व में पर्याप्त निखार ला सकते है।

मुस्कराहट पर कार्लाइल ने कहा है– "हमें ऐसा व्यक्ति बनना है जो गाता चहकता अपने कार्य में जुटा रहता है, जो थोड़े ही समय में अपना काम कर लेता है, इसी से हमारा जीवन सफल होता है"।

लार्ड बायरन ने भी कहा है "जब मौका मिले, हमेशा हंसे क्योंकि इससे सस्ती दवा कोई नहीं है" सचमुच, laughter is the best medicine

### मुस्कान के गुण-

शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से हंसी और मुस्कान के अनेक गुण हैं, जैसे–

- हंसी से आँखों में चमक पैदा होती है।
- अवसाद या depression से मुक्ति मिलती है दुःख के क्षण उड़ जाते है।
- स्वास्थ्य का संतुलन, जो अनिद्रा या किसी बुरी सूचना के कारण नष्ट हो गया है, हंसने से पूर्णतः प्राप्त हो जाता है।
- मुस्कुराहट से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और परस्पर मेल–जोल बढ़ता है।
- किसी कार्य को दोहराने की शक्ति मिलती है।
- समस्याओं पर काबू पाने में मदद मिलती है।
- आत्मशक्ति को बल मिलता है।
- हीन भावना दूर होती है और हमारा चेहरा तुलनात्मक रूप से अधिक सुंदर नजर आता है।

### ध्यान रखने योग्य बातें-

- हंसी मर्यादित होनी चाहिए ताकि आपकी हंसी से दूसरे के उपहास की झलक ना नजर आये।
- बनावटी हंसी से आपके दिमाग का खालीपन दिखाई देगा।
- बिना मौके और बिना सोचे समझे ना हंसे।
- जो स्वयं को एक इमेज से बांधे हुए, उनकी हंसी लादी हुयी प्रतीत होती है जो सिर्फ होंठो के किनारों तक सीमित रह जाती है। ऐसे व्यक्तियों में Sense of Humour का गुण समाप्त हो जाता है।
- यदि आप दूसरों से मजाक करके हंसते है तो स्वयं भी यह गुण उत्पन्न करें कि दूसरों के मजाक को भी सहन कर सके।
- दुर्बल व्यक्तियों, विकलांगो या किसी बीमारी की स्थिति पर हंसना स्वयं को अपनी नजर से नीचे गिराना है।

### शेक्सपियर ने कहा है-

"तुम्हें क्या करना चाहिए? तुम्हे जो कुछ भी करना चाहिए, उसे अपनी मुस्कुराहट से प्राप्त करो ना कि तलवार के जोर से।"

मुस्कुराने वाला व्यक्ति स्वयं तो खुश रहता है दूसरों को भी खुश करता है। मुस्कान वाला चेहरा कोई भी काम आसानी से करा लेता है। नेपोलियन का जो काम उसके एक दर्जन नौकर नहीं कर पाते थे वो काम उसकी पत्नी जोजेफाइन अपनी मुस्कुराहट से करा देती थी।

### कहाँ गयी आपकी मुस्कान?

आप दिन भर में कितनी बार मुस्काराते हैं और कितनी बार खिलखिला कर हँसते हैं? क्या पहले की अपेक्षा आपकी मुस्कराहट गायब सी होती जा रही है? क्या वो दोस्तों के साथ ठहाके लगाना बीती बात बन चुकी है? यदि, "हाँ" तो आप अपनी लाइफ को गलत तरीके से जी रहे हैं!

एक तरफ आप अपनी लाइफ को बेहतर बनने की जद्दोजहद में दिन–रात मेहनत कर रहे हैं और दूसरी तरफ यही मेहनत आपकी हंसी ही उड़ाये जा रही है! अपनी लाइफ में balance लाइए। जीवन में आगे बढ़ना बहुत जरूरी है, पर मुस्कराहट के साथ... मुस्कराहट के बिना नहीं!

इसलिए अगर आप उन लोगों में से हैं जिनका smile balance zero हो चुका है या इसके करीब है तो सब कुछ छोड़ कर एक बार शांति से बैठिये और अपनी लाइफ के भीतर झांकिए, समझने की कोशिश करिए कि आप जो कुछ भी कर रहे हैं अगर वो आपकी मुस्कान आपसे छीन रहा है तो कहीं न कहीं चीजों को बदलने की जरूरत है...चलिए चीजों को बदल डालिए....चलिए, एक बार फिर उसी मुस्कान को....उसी खिखिलाहट को वापस बुलाइए और इस जिन्दगी को सचमुच हसीन बनाइये!

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर
## वार्षिक कार्यक्रम 2025-26

| क्र.स. | गतिविधियां | स्थान | तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| **अप्रेल, 2025** | | | |
| 1 | उपराष्ट्रपति/प्रधानमंत्री शील्ड अवार्ड पंजीकरण | राज्य स्तर पर | 05.04.2025 |
| 2 | ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 05.04.2025 |
| 3 | विश्व स्वास्थ्य दिवस- जनचेतना अभियान | सभी स्तरों पर | 07.04.2025 |
| 4 | जिला कार्यकारिणी बैठक | जिला स्तर | 15.04.2025 |
| 5 | पृथ्वी दिवस-परिण्डा एवं चुग्गा पात्र महा अभियान प्रारम्भ | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | 22.04.2025 |
| 6 | राज्य स्तरीय एडवेंचर गतिविधियां | आबू पर्वत, अजमेर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर | 26 से 30.04.2025 तक |
| 7 | प्रेसिडेन्ट स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर तैयारी शिविर | मण्डल स्तर पर | 26 से 30.04.2025 |
| 8 | ए.डी.सी./सचिव/संयुक्त सचिव संगोष्ठी | जिला स्तर | 30.04.2025 तक |
| 9 | प्रशासनिक प्रतिवेदन एवं गणना भिजवाना | राज्य मुख्यालय पर | 30.04.2025 तक |
| 10 | पदक/अलंकार पुरस्कार हेतु आवेदन भिजवाना | राज्य स्तर पर | 30.04.2025 तक |
| 11 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.04.2025 तक |
| 12 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.04.2025 तक |
| 13 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 07, 10, 11, 13) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 14 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधि | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 15 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 16 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **मई, 2025** | | | |
| 17 | विश्व प्रवासी पक्षी दिवस - परिण्डा एवं चुग्गा पात्र | सभी स्तरों पर | 09.05.2025 |
| 18 | फ्लॉक लीडर/गाइड कैप्टिन/रेंजर लीडर एडवांस कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 08 से 14.05.2025 |
| 19 | ग्रामीण/स्वतंत्र रेंजर लीडर बेसिक कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 08 से 14.05.2025 |
| 20 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | जिला/स्थानीय संघ स्तर पर | 10.05.2025 |
| 21 | ट्रेनर्स मीट | जगतपुरा, जयपुर | 12 से 13.05.2025 |
| 22 | कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर (अभिरूचि केन्द्र) | स्थानीय संघ/जिला | 17.05 से 22.06.2025 |
| 23 | ग्रामीण/स्वतंत्र रोवर लीडर बेसिक कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 18 से 24.05.2025 |
| 24 | कब/स्काउट मास्टर एडवांस कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 18 से 24.05.2025 |
| 25 | जैव विविधता दिवस - प्रतियोगिताए/वार्ताएँ | सभी स्तरों पर | 22.05.2025 |
| 26 | प्रेसिडेन्ट गाइड प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 26.05 से 30.05.2025 |
| 27 | तम्बाकू निषेध दिवस - प्रतियोगिताएं | ग्रुप/स्था. संघ/जिला स्तर | 31.05.2025 |
| 28 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.05.2025 तक |
| 29 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.05.2025 तक |
| 30 | जल सेवा/परिण्डा/चुग्गा पात्र अभियान | सभी स्तरों पर | प्रतिमाह |
| 31 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 32 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 1, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 33 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **जून, 2025** | | | |
| 34 | कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर | स्थानीय संघ/जिला | 01 से 22.06.2025 |
| 35 | प्रेसिडेन्ट स्काउट प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 01 से 05.06.2025 |
| 36 | विश्व पर्यावरण दिवस - स्काउट/गाइड मैराथन | सभी स्तरों पर | 05.06.2025 |
| 37 | कमिश्नर बेसिक कोर्स | आबू पर्वत नं. 01 | 07 से 11.06.2025 |
| 38 | रोवर/रेंजर साहसिक शिविर | ऊटी(कुन्नूर)/सिक्किम/शिलोंग | 08 से 12.06.2025 |
| 39 | सचिव प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 13 से 17.06.2025 |
| 40 | स्काउटर/गाइडर शैक्षणिक भ्रमण | ऊटी(कुन्नूर)/सिक्किम/शिलोंग | 14 से 18.06.2025 |
| 41 | जल सेवा अभियान | सभी स्तरों पर | 25.06.2025 तक |
| 42 | विश्व योग दिवस | सभी स्तरों पर | 21.06.2025 |
| 43 | मण्डल स्तरीय ऑर्गेनाइजर संगोष्ठी | मण्डल स्तर | 30.06.2025 तक |
| 44 | स्थानीय संघ वार्षिक अधिवेशन | स्थानीय संघ स्तर पर | 30.06.2025 तक |
| 45 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.06.2025 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 46 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.06.2025 तक |
| 47 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 48 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 1, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 49 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 50 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **जुलाई, 2025** | | | |
| 51 | विजन 2034 कार्य योजना | जगतपुरा, जयपुर | 03 से 05.07.2025 |
| 52 | जिला कार्यकारिणी सभा | जिला स्तर पर | 05.07.2025 तक |
| 53 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला स्तर | 10 से 16.07.2025 तक |
| 54 | विश्व जनसंख्या दिवस–(बी.एस.जी. डायमंड जुबली के उपलक्ष में जन चेतना साइकिल रैली) | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 11.07.2025 |
| 55 | प्रधानमंत्री शील्ड लॉग बुक भेजना | राज्य मुख्यालय पर | 15.07.2025 तक |
| 56 | राज्य स्तरीय अवार्ड कमेटी मीटिंग | राज्य मुख्यालय | 15.07.2025 तक |
| 57 | संस्था प्रधान सेमीनार | जिला स्तर | 15.07.2025 तक |
| 58 | प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सेमिनार | मण्डल स्तर पर | 15.07.2025 तक |
| 59 | सचिव/संयुक्त सचिव संगोष्ठी | मण्डल व जिला स्तर | 15.07.2025 तक |
| 60 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला स्तर | 16 से 22.07.25 |
| 61 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | जिला स्तर पर | 17.07.25 |
| 62 | स्थानीय संघ वार्षिक अधिवेशन | स्थानीय संघ स्तर पर | 20.07.2025 तक |
| 63 | ट्रेनिंग कॉउन्सलर/ए.डी.सी द्वारा ग्रुप संभाल | स्थानीय संघ स्तर पर | 21 से 26.07.2025 |
| 64 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.07.2025 |
| 65 | स्पेशल कौशल विकास ट्रेनर्स प्रशिक्षण शिविर | सवाईमाधोपुर | 25 से 29.07.2025 |
| 66 | एडवेंचर प्रोग्राम | मण्डल स्तर पर | 25 से 29.07.2025 |
| 67 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | राज्य मुख्यालय पर | 30.07.2025 तक |
| 68 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.07.2025 तक |
| 69 | स्काउटर/गाइडर एवं ट्रेनिंग कॉउन्सलर अभिनवन शिविर | जिला स्तर | 31.07.2025 तक |
| 70 | विद्यालय स्वच्छता अभियान | ग्रुप स्तर पर | 31.07.2025 तक |
| 71 | ग्रुप स्तरीय स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर हाइक (पैदल) | ग्रुप स्तर पर | 31.07.2025 तक |
| 72 | राज्य पुरस्कार स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 31.07.2025 तक |
| 73 | राज्य स्तरीय ऑर्गेनाइजर्स संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 31.07.2025 तक |
| 74 | गोल्डन ऐरो अवार्ड फार्म भिजवाना | राज्य मुख्यालय | 31.07.2025 तक |
| 75 | जिला परिषद वार्षिक अधिवेशन | जिला स्तर पर | 31.07.2025 तक |
| 76 | राज्य वित्त समिति सभा | राज्य मुख्यालय | 31.07.2025 तक |
| 77 | राज्य कार्यकारिणी सभा | राज्य मुख्यालय | 31.07.2025 तक |
| 78 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 79 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 4, 14) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 80 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 81 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **अगस्त, 2025** | | | |
| 82 | स्काउट्र/गाइड्र बेसिक कोर्स | जिला स्तर | 01 से 07.08.2025 |
| 83 | राज्य स्तरीय सचिव संगोष्ठी | जगतपुरा,जयपुर | 05.08.25 |
| 84 | राज्य स्तरीय प्रभारी कमिश्नर संगोष्ठी | जगतपुरा, जयपुर | 06.08.25 |
| 85 | श्रीराम बाजपेयी जयन्ती पर संघन वृक्षारोपण–राज्य स्तर | (ग्रुप/स्था.संघ/जिला/मण्डल) | 11.08.25 |
| 86 | स्वतन्त्रता दिवस | सभी स्तरों पर | 15.08.25 |
| 87 | नेशनल लेवल आर्ट एण्ड क्राट वर्कशॉप | उदयपुर | 19 से 25.08.2025 |
| 88 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 23.08.2025 |
| 89 | हिमालय वुड बैज रि–यूनियन | मण्डल स्तर | 21 से 22.08.2025 |
| 90 | रामदेवरा मेला सेवा शिविर (सम्भाग स्तर) | पोकरण, जैसलमेर | मेले के अनुसार |
| 91 | श्री गणेश जी मेला सेवा शिविर (सम्भाग स्तर) | सवाईमाधोपुर | मेले के अनुसार |
| 92 | राज्य परिषद् का वार्षिक अधिवेशन | अजमेर | 29.08.25 |
| 93 | जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली | करौली, झालावाड़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ राजसमन्द | 30.08.2025 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 94 | ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर सभा | अजमेर | 30.08.25 |
| 95 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 96 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 97 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | जिला स्तर | 30.08.2025 तक |
| 98 | निपुण/राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर | मण्डल/जिला स्तर | 30.08.2025 तक |
| 99 | ग्रामीण रोवर/रेंजर निपुण प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 100 | रोवर/रेंजर विकास समिति एवं यूथ कमेटी सभा | मण्डल स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 101 | चतुर्थ चरण/हीरक पंख/गोल्डन ऐरो प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 102 | द्वितीय/तृतीय सोपान/टोली नायक प्रशिक्षण शिविर | स्था.संघ स्तर | 30.08.2025 तक |
| 103 | राज्य पुरस्कार पंजीकरण फॉर्म ऑनलाइन भरना | राज्य मुख्यालय | 30.08.2025 तक |
| 104 | कम्यूनिटी डवलपमेन्ट सेमिनार | मण्डल स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 105 | कब/बुलबुल भ्रमण | स्थानीय संघ स्तर पर | 30.08.2025 तक |
| 106 | महाविद्यालय प्राचार्य, रोवर/रेंजर लीडर संगोष्ठी | मण्डल स्तर | 31.08.2025 |
| 107 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 108 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 109 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 15) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 110 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउट/गाइड द्वारा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 111 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **सितम्बर, 2025** | | | |
| 112 | शिक्षक दिवस | ग्रुप/स्था.संघ पर | 05.09..2025 |
| 113 | प्रेसिडेन्ट/राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर | आबू पर्वत नं. 01 | 02 से 06.09.2025 |
| 114 | उद्योग पर्व सप्ताह | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 07 से 14.09.2025 |
| 115 | विश्व साक्षरता दिवस | ग्रुप स्तर | 08.09.25 |
| 116 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला/मण्डल स्तर | 09 से 15.09.2025 |
| 117 | स्काउटर/गाइडर एडवांस कोर्स | मण्डल स्तर पर | 09 से 15.09.2025 |
| 118 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | राज्य/मण्डल स्तर पर | 15.09.2025 तक |
| 119 | स्पेशल कोर्स– पायनियरिंग एंण्ड फर्स्ट एड कोर्स (कॉमन) | जगतपुरा,जयपुर | 16 से 20.09.2025 |
| 120 | विश्व ओजोन दिवस–वार्ताएं, भा.स्का.गा. डायमण्ड जुबली वर्ष पर राज्य स्तरीय साइकिल रैली | सम्भाग स्तर/राज्य स्तर | 16 से 18.09.2025 |
| 121 | गाइडर अध्ययन शिविर | मण्डल स्तर पर | 18 से 20.09.2025 |
| 122 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत | 21 से 25.09.2025 |
| 123 | राज्य स्तरीय स्काउट गाइड रोवर रेंजर जनजाति महोत्सव | उदयपुर/बांसवाड़ा | 24 से 28.09.2025 |
| 124 | कब/बुलबुल एक रात्रि शिविर | स्थानीय संघ स्तर पर | 30.09.2025 तक |
| 125 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.09.2025 तक |
| 126 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.09.2025 तक |
| 127 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 128 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 3, 15, 16) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 129 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउट गाइड द्वारा सूर्य नमस्कार | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 130 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **अक्टूबर, 2025** | | | |
| 131 | दशहरा मेला सेवा शिविर | कोटा(सम्भाग स्तर) | मेले के अनुसार |
| 132 | गांधी/शास्त्री जयन्ती– प्रार्थना सभा | ग्रुप/स्था. संघ स्तर | 02.10.2025 |
| 133 | षष्ठर प्रशिक्षण (कब/बुलबुल) एवं कब/बुलबुल उत्सव | जिला स्तर | 01 से 03.10.2025 |
| 134 | प्रकृति अध्ययन शिविर | जिला स्तर पर | 04 से 06.10.2025 |
| 135 | राज्य पुरस्कार स्काउट/गाइड अनुशंषा शिविर | जिला/मण्डल स्तर | 06 से 09.10.2025 |
| 136 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी हेतु मीटिंग | राज्य/मण्डल स्तर पर | 15.10.2025 तक |
| 137 | राज्य पुरस्कार रोवर/रेंजर अनुशंषा शिविर | मण्डल स्तर | 11 से 14.10.2025 |
| 138 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.10.2025 |
| 139 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.10.2025 तक |
| 140 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.10.2025 तक |
| 141 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी सम्मेलन शिविर (प्रस्तावित) | जगतपुरा, जयपुर | 31.10 से 04.11.2025 |
| 142 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 16) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 143 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर | प्रतिमाह |
| 144 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 145 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **नवम्बर, 2025** | | | |
| 146 | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी (प्रस्तावित) | छत्तीसगढ़/प्रयागराज | 06 से 12.11.2025 |
| 147 | भारत स्काउट/गाइड स्थापना दिवस | ग्रुप/स्था. संघ/सभी स्तर | 07.11.2025. |
| 148 | पुष्कर मेला सेवा शिविर | पुष्कर, अजमेर (राज्य स्तर) | मेले के अनुसार |
| 149 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न.1 | 21 से 25.11.2025 |
| 150 | कोलायत मेला सेवा शिविर (सम्भाग स्तर) | कोलायत, बीकानेर | मेले के अनुसार |
| 151 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला स्तर पर | 22 से 28.11.2025 |
| 152 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 153 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 154 | कब/बुलबुल एक रात्रि शिविर | स्थानीय संघ स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 155 | द्वितीय/तृतीय सोपान स्काउट/गाइड जाँच शिविर | स्था. संघ स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 156 | निःशक्तजन स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | मण्डल स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 157 | अनाथालय स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | मण्डल स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 158 | अनुसूचित जाति स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | जिला स्तर पर | 30.11.2025 तक |
| 159 | ग्रुप वार्षिक शिविर | ग्रुप स्तर | 30.11.2025 तक |
| 160 | प्रेसिडेन्ट स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर आवेदन फॉर्म भिजवाना | राज्य मुख्यालय स्तर | 30.11.2025 तक |
| 161 | चतुर्थ चरण, हीरक पंख, फॉर्म भिजवाना | राज्य मुख्यालय | 30.11.2025 तक |
| 162 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | सभी स्तरों पर | प्रतिमाह |
| 163 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 17) | ग्रुप/स्थानीय संघ/जिला | प्रतिमाह |
| 164 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 165 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **दिसम्बर, 2025** | | | |
| 166 | विश्व एड्स दिवस–(संगोष्ठी/वार्ताएँ) | ग्रुप स्तर पर | 01.12.2025 |
| 167 | मानवाधिकार दिवस | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 10.12.2025 तक |
| 168 | डेजर्ट ट्रेकिंग कम एडवेंचर कैम्प | जैसलमेर | 11 से 15.12.2025 |
| 169 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न. 1 | 21 से 25.12.2025 |
| 170 | रोवर मूट/रेंजर मीट व युथ वर्कशॉप | सवाईमाधोपुर | 26 से 30.12.2025 |
| 171 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.12.2025 तक |
| 172 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.12.2025 तक |
| 173 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/स्था. संघ/जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 174 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 175 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 5) | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| 176 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 177 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **जनवरी, 2026** | | | |
| 178 | युवा दिवस एवं राज्य पुरस्कार समारोह | जगतपुरा, जयपुर | 10 से 13.01.2026 तक |
| 179 | युवा दिवस/युथ कमेटी बैठक | स्था.संघ /जिला स्तर पर | 12.01.2026 को |
| 180 | सड़क सुरक्षा सप्ताह | जिला/राज्य स्तर | तिथियों के अनुसार |
| 181 | हिमालय वुड बैज कोर्स (स्काउट विंग) | अजमेर | 17 से 23.01.2026 |
| 182 | हिमालय वुड बैज कोर्स (गाइड विंग) | अजमेर | 17 से 23.01.2026 |
| 183 | गणतन्त्र दिवस | सभी स्तरों पर | 26.01.2026 |
| 184 | शहीद दिवस – प्रार्थना सभा | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 30.01.2026 |
| 185 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.01.2026 तक |
| 186 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.01.2026 तक |
| 187 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 188 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 189 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 190 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 8, 12) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 191 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 192 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **फरवरी, 2026** | | | |
| 193 | द्वितीय/तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर | स्थानीय संघ स्तर | 01 से 05.02.2026 |
| 194 | स्काउटर/गाइडर बेसिक कोर्स | जिला/मण्डल स्तर | 01 से 07.02.2026 |
| 195 | उर्स मेला अजमेर | जिला स्तर | मेले के अनुसार |
| 196 | द्वितीय/तृतीय सोपान जांच शिविर | स्थानीय संघ स्तर | 06 से 08.02.2026 |
| 197 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 11 से 17.02.2026 |
| 198 | रीजनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव | बीकानेर | 19 से 23.02.2026 |
| 199 | राज्य स्तरीय कब बुलबुल महोत्सव | बनीपार्क जयपुर | 19 से 23.02.2026 |
| 200 | स्टेट एड्वेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.02.2026 |
| 201 | विश्व स्काउट दिवस/गाइड चिन्तन दिवस | सभी स्तरों पर | 22.02.2026 |
| 202 | मण्डल स्तरीय एडवेंचर गतिविधियां | मण्डल स्तर | 24 से 28.02.2026 |
| 203 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 28.02.2026 तक |
| 204 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 28.02.2026 तक |
| 205 | बेणेश्वर मेला सेवा शिविर | डूंगरपुर | मेले के अनुसार |
| 206 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 207 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 208 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 8, 12, 17) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 209 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 210 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| **मार्च, 2026** | | | |
| 211 | खाटू श्याम जी मेला शिविर सीकर | श्रीखाटूश्याम जी (राज्य स्तर ) | मेले के अनुसार |
| 212 | ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर व प्रोग्राम एवं प्लानिंग कमेटी सभा | जयपुर | 07 से 08.03.2026 |
| 213 | नेशनल लेवल एनवायरमेंट एवयरनेस कम ड्रेजर्ट ट्रेंकिंग प्रोग्राम | जैसलमेर | 08 से 14.03.2026 |
| 214 | दिव्यांग गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 215 | अनाथालय गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 216 | पालनहार गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 217 | अनुसूचित जाति स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 218 | जनजाति गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 219 | ग्रामीण गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | 15.03.2026 तक |
| 220 | स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत नं. 1 | 21 से 25.03.2026 |
| 221 | राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 10.03.2026 तक |
| 222 | पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 10.03.2026 तक |
| 223 | सचिव/सर्कल ऑर्गेनाइजर्स सभा | मण्डल स्तर पर | 31.03.2026 तक |
| 224 | जिला कार्यकारिणी सभा | जिला स्तर पर | 31.03.2026 तक |
| 225 | राज्य कार्यकारिणी सभा | राज्य स्तर पर | 31.03.2026 तक |
| 226 | नेशनल ग्रीन कोर गतिविधियां | ग्रुप/जिला/मण्डल स्तर पर | प्रतिमाह |
| 227 | स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 228 | एमओपी/एसडीजी पर कार्य (प्रोजेक्ट कार्य संख्या 11, 13) | जिला स्तर पर | प्रतिमाह |
| 229 | नो बैग डे के अन्तर्गत स्काउटिंग/गाइडिंग गतिविधियों का संचालन | ग्रुप स्तर पर | प्रति शनिवार |
| 230 | डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |

## सतत् विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals)

| | | |
|---|---|---|
| 1. गरीबी का अंत | 2. भूखमरी समाप्त करना | 3. स्वस्थ जीवन एवं आरोग्य |
| 4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | 5. लैंगिक समानता | 6. शुद्ध जल एवं स्वच्छता |
| 7. किफायती एवं स्वच्छ ऊर्जा | 8. सम्मानजनक कार्य और आर्थिक विकास | 9. उद्योग, नवाचार और अवसंरचना |
| 10. असमानता में कमी | 11. संधारणीय शहर एवं समुदाय | 12. सतत् उपभोग एवं उत्पादन |
| 13. जलवायु परिवर्तन | 14. पानी में जीवन (जलीय जीव संरक्षण) | 15. भूमि पर जीवन (वृक्ष, पक्षी, वन्यजीव संरक्षण) |
| 16. शांति, न्याय और सुदृढ़ संस्थान | 17. लक्ष्यों के लिए भागीदारी | |

विशेष :– 1. राज्य सरकार द्वारा बजट उपलब्धता एवं तत्कालीन परिस्थितियों के मध्यनजर गतिविधियों के आयोजन एवं तिथियों में परिर्वतन/परिवर्धन/संशोधन सम्भव है।

2. दिनांक 27 मार्च, 2025 को आयोजित राज्य कार्यकारिणी समिति की सभा से अनुमोदित

राज्य सचिव

# दक्षता पदक

**स्काउट गाइड ज्योति में दक्षता पदकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जा रही हैं। आशा है यह जानकारी प्रशिक्षण के मद्देनज़र उपयोगी साबित होगी। इस अंक में 'सुरक्षा ज्ञान' एवं 'उपचारक' दक्षता बैजों की जानकारी दी जा रही है।**

## सुरक्षा ज्ञान
## SAFETY KNOWLEDGE



युवा पीढ़ी को सुरक्षा के उपायों से अवगत कराने और इसके समय पर उपयोग की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सुरक्षा ज्ञान दक्षता बैज का पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। किन–किन परिस्थितियों में क्या–क्या सुरक्षा रखनी चाहिए का ज्ञान इस बैज का अहम् हिस्सा है। सुरक्षा ज्ञान दक्षता बैज के लिए निम्नानुसार दो परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होगी –

**(अ) व्यक्तिगत परीक्षा –**

(1) 'सुरक्षा पहले' शब्द की उत्पत्ति के बारे में तथा इसके वास्तविक अर्थ, जैसे–अधिक और अच्छे साहसपूर्ण जीवन के लिए सुरक्षा, को जानें।

(2) चलना–सड़क के नियम तथा फुटपाथ पर चलना जाने।

(3) सड़क को पार करना–मार्गों व गलियों के चौराहों तथा पैदल चलने वालों के लिए सड़क को पार करने के बुनियादी नियमों की जानकारी हो। यातायात नियंत्रण तथा प्रकाश–नियंत्रण संकेतों के अनुसार सड़क पार करना जाने।

(4) सार्वजनिक सेवा वाहन–बसों, ट्रामों, कारों तथा रेल के डब्बों से उतरना व चढ़ना जाने।

(5) वाहन चालकों के प्रति यात्री के कर्त्तव्य–चालक को बराबर व पीछे की ओर देखने में विघ्न न डालना, हाथ के संकेतों, नियंत्रकों के साथ छेड़–छाड़ न करना, दरवाजों को बन्द रखना, सड़क के ठीक किनारे की ओर उतरना जानें।

**(ब) सामूहिक परीक्षा –**

(6) विद्यालय की सुरक्षा टोली–इसका कार्य छात्रों का विद्यालय में आते या विद्यालय से जाते समय तथा प्रमुख सड़क चौराहों को पार करने में निर्देश देना है।

(7) यातायात का खेल–इसके द्वारा सड़क पार करने वाले सभी श्रेणियों के व्यक्तियों को नाटकीय विधि से सही व्यवहार करना सिखाया जाना है।

(8) गृह–सज्जा–गिरने, आग से जलने, झुलसने, घर में खतरनाक सूक्ष्म–विद्युतीय उपकरणों का निरीक्षण करने व उसके सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना।

(9) औद्योगिक सुरक्षा–औजारों के सुरक्षित उपयोग, मशीनों, कपड़ों और घर के रख रखाव की सुरक्षा की जानकारी।

(10) विविध सुरक्षा–बन्दूक आदि से सुरक्षा, जलते हुए व्यक्ति को बचाने, फायर ब्रिगेड (अग्निशमन दल) को बुलाने, पतंग उड़ाने, आकाशीय बिजली गिरने आदि के सुरक्षा उपाय जानना।

## उपचारक
## AMBULANCE MEN



जीवन के किसी भी मोड़ पर घायल/दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए उसकी सहायता करने का मौका सामने आ सकता है। ऐसे में स्काउट संगठन ने अपने युवा–युवतियों को इस अवसर पर हमेशा तैयार रहने के लिए एम्बूलेंस मैन दक्षता पदक के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए उपचारक दक्षता पदक का पाठ्यक्रम तैयार किया है, जो निम्नानुसार है –

यह दक्षता पदक सफेद कपड़े पर लाल रंग में धन के चिन्ह (+) वाला यह बैज दोनों कन्धों पर 'शोल्डर बैज' के ठीक नीचे की ओर लगाया जाएगा।

(1) प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय सोपान में प्राथमिक सहायता से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें सकें।

(2) अधिक व कम रक्तस्त्राव को रोकने के उपाय की जानकरी।

(3) टूटे हुए अंग की पहचान कर सकें व उसे सही ढंग से बांध सकें।

(4) गला घुट जाने की स्थिति में – 'हेमलिच–विधि' से उपचार करना जानें।

(5) 'मुंह से मुंह विधि' द्वारा कृत्रिम श्वास देने का प्रदर्शन करें।

(6) उपलब्ध साधनों द्वारा तात्कालिक स्ट्रेचर बनाने तथा गोल पट्टी बांधने का प्रदर्शन करें।

(7) मौखिक, लिखित या टेलीफोन द्वारा सही सन्देश भेजने का प्रदर्शन करना।

(8) केवल एक ही प्राथमिक सहायक होने की स्थिति में घायल को ले जाने की दो विधियों का तथा दो प्राथमिक सहायक होने की स्थिति में घायल को ले जाने की दो अन्य तरीकों का प्रदर्शन करें।

# गतिविधि पञ्चांग



## राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| HWB Course for Flock Leaders | 06 - 12 May 2025 | NTC, Pachmarhi (M.P.) |
| HWB Course for Ranger Leaders | 06 - 12 May 2025 | NTC, Pachmarhi (M.P.) |
| HWB Course for Guide Captains | 06 - 12 May 2025 | NTC, Pachmarhi (M.P.) |
| National Integration Camp | 11 - 15 April 2025 | Sirsa, Haryana |
| National Level Disaster Preparedness & Management Training | 14 - 20 May 2025 | Bhopalpani, Dehradun |
| National Level Rover/Ranger Samagam | 19 - 23 June 2025 | NTC, Pachmarhi (M.P.) |



## अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| International Rover Week, Summer 2025 | Between 14th & 22nd July | Kandersteg, Switzerland |
| 16th World Scout Moot 2025 | 25 July - 03 August, 2025 | Lisboa, Portugal |
| 14th Sri Lanka National Cubboree | 15 - 17 August, 2025 | North Central Province, Sri Lanka |
| 15th Asia Pacific Regional Conference (WAGGGS) | 19-23 August, 2025 | New Delhi |
| Arts 4 Healing | 19 - 25 September, 2025 | Sangam, Pune, Maharashtra |
| 28th Asia-Pacific Regional Scout Conference | 12 - 17 October, 2025 | Kaohsiung, Taiwan |
| 26th World Scout Jamboree-Poland | 30 July - 08 August 2027 | Gdansk, Northern Poland |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**

## CELEBRATIONS DAYS : MAY-JUNE 2025

| | | |
|---|---|---|
| 15 May | : | World Family Day |
| 18 May | : | International Museu Day |
| 22 May | : | International Day for Biological Diversity |
| 30 May | : | Hindi Journalism Day |
| 31 May | : | World No-Smoking Day |
| 05 June | : | World Environment Day |
| 10 June | : | World Groundwater Day |
| 14 June | : | World Blood-donation Day |
| 21 June | : | International Yoga Day |
| 26 June | : | International Day Against Drug Abuse |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

# विश्व पृथ्वी दिवस-चित्र विथिका




पृथ्वी दिवस के अवसर पर
राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन,
राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत,
राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल,
कार्यवाहक राज्य संगठन आयुक्त गाइड
सुश्री सुयश लोढ़ा एवं अन्य कार्यकर्ताओं
की उपस्थिति में परिंडा अभियान का
शुभारंभ करते हुए



झुंझुनू



जयपुर



बाड़मेर



भरतपुर




जोधपुर



बून्दी




विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बीकानेर में 'आवर पावर–आवर प्लेनेट' की थीम पर पृथ्वी संरक्षण के उद्देश्य से गांधी पार्क के मुख्य द्वार के सामने 250 फीट बड़ी पेंटिंग बनाकर आम राहगीरों का ध्यान आकर्षित करते स्काउट गाइड रोवर रेंजर

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर फोन नं. 0141–2706830 द्वारा मैसर्स हरिहर प्रिण्टर्स, जे–97, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर–302004 फोन : 0141–2600850 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति रूपये पन्द्रह

प्रकाशन – प्रत्येक माह

पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत

आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/01835

प्रेषक :–

राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर–302015

फोन : 0141–2706830, 2941098

ई–मेल : scoutguidejyoti@gmail.com